City24News
शहर आपका, खबर आपकी
ऑनलाइन हिन्दी डिजिटल ई-पेपर | वर्ष 2, अंक 30 | पेज 8 | बुधवार 31 जनवरी, 2024 | संपर्क: 9818180269
www.city24news.in ! youtube@city24media ! facebook@www.city24news.in ! twitter@city24media

# हरियाणा सरकार शहीदों के 18 आश्रितों को अनुकंपा आधार पर देगी नौकरी

**सिटी 24 न्यूज**

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल की अध्यक्षता में आज यहां हुई मंत्रिमंडल की बैठक में मानवता व शहीदों के नेक हितों का उदाहरण प्रस्तुत करते हुए शहीदों के आश्रितों को अनुकंपा के आधार पर नियुक्ति के लिए निर्धारित नीति में छूट देते हुए 18 शहीदों के आश्रितों को नौकरी देने की स्वीकृति प्रदान की गई। नियुक्ति के 18 मामलों में से 8 मामले अर्ध सैनिक बलों के और 10 मामले सशस्त्र सेना से संबंधित थे। मंत्रिमंडल के समक्ष मामला लाने से पहले मुख्य सचिव कार्यालय द्वारा मामलों की समीक्षा की गई और शहीदों के 18 आश्रितों को नौकरी प्रदान करने के लिए सिफारिश की गई थी। उल्लेखनीय है कि शहीदों के आश्रितों द्वारा नौकरी के लिए आवेदन करने में देरी का कारण हरियाणा सरकार की अनुकंपा नीति से अनभिज्ञता होना, नाबालिग होना या बीमार होना आदि बताया गया है।

बैठक में एनआईटी फरीदाबाद में 1094 वर्ग गज सरकारी भूमि को सैन समाज कल्याण सभा, फरीदाबाद को हस्तांतरित करने की मंजूरी दे दी है। यह निर्णय सामाजिक/ धार्मिक/ धर्मार्थ/ सामुदायिक उद्देश्यों के लिए सरकारी भूमि के आवंटन की नीति के तहत धर्मशाला और मंदिर जैसे धार्मिक और सामुदायिक उद्देश्यों के लिए 915 वर्ग मीटर भूमि के आवंटन के लिए सोसायटी के अनुरोध के तहत लिया गया है ।

प्रस्तावित हस्तांतरण में राजस्व विभाग की सरकारी भूमि शामिल है और निर्णय दिनांक 12-02-2019 की नीति के पैरा 8 के अनुरूप है। 1947 में पश्चिमी पंजाब से विस्थापित व्यक्तियों के पुनर्वास के लिए केंद्र सरकार द्वारा पूर्ववर्ती भूमि अधिग्रहण अधिनियम 1894 के तहत अधिग्रहित भूमि, अब सैन समाज कल्याण सभा, फरीदाबाद के लिए पूजा स्थल और सामुदायिक सुविधाएं स्थापित करने के उद्देश्य से दी गई है। प्रश्नाधीन भूमि का कलेक्टर रेट 17,000 रुपये प्रति वर्ग गज है और यह निर्णय लिया गया है कि कलेक्टर दरों की 50% की रियायती दर पर सैन समाज कल्याण सभा को हस्तांतरण किया जाएगा, जिसकी कुल लागत 93,01,890 रुपये सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन के अधीन, वित्त विभाग ने पहले ही अपनी सहमति प्रदान कर दी है। सैन समाज कल्याण सभा, फरीदाबाद, जो हरियाणा पंजीकरण और सोसायटी विनियमन अधिनियम, 2012 के तहत एक पंजीकृत सोसायटी है, ने राजस्व और आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा अधिसूचित सरकारी भूमि के आवंटन के लिए नीति में उल्लिखित दिशानिर्देशों के अनुसार हस्तांतरण की मांग की थी।

**हरियाणा ने मल्टी-मॉडल लॉजिस्टिक्स पार्क, कंटेनर डिपो, कृषि गोदामों की स्थापना हेतु किया नीति में संशोधन**



बैठक में एकीकृत/मल्टी-मॉडल लॉजिस्टिक्स पार्क, इंटीग्रेटेड इनलैंड (एकीकृत अंतर्देशीय)कंटेनर डिपो, लॉजिस्टिक्स पार्क, वेयरहाउस-कम-रिटेल, ट्रकर्स पार्क, कैश एंड कैरी, वेयरहाउस, कोल्ड चेन सुविधाएं और गैस गोदाम स्थापित करने के लिए नीति में संशोधन को स्वीकृति प्रदान की गई। संशोधित नीति के तहत, इंटीग्रेटेड इनलैंड कंटेनर डिपो/कस्टम बाउंडेड क्षेत्रों की स्थापना के लिए न्यूनतम 20 एकड़ क्षेत्र आवश्यक होगा, जो वर्तमान में 50 एकड़ है। खुदरा सुविधाओं वाले कृषि गोदामों के लिए न्यूनतम 2 एकड़ क्षेत्र अनिवार्य होगा, जबकि खुदरा सुविधाओं वाले गैर-कृषि गोदामों के लिए 5 एकड़ की आवश्यकता होगी। इसके अलावा, डेवलपर्स को कृषि गोदामों के लिए न्यूनतम 33 फीट और गैर-कृषि गोदामों के लिए 60 फीट की दूरी सुनिश्चित करनी होगी। कोल्ड चेन भंडारण सुविधाओं के लिए न्यूनतम 33 फीट दूरी की आवश्यकता होगी। इन संशोधनों का उद्देश्य नगर एवं ग्राम आयोजना और उद्योग एवं वाणिज्य विभाग दोनों की नीतियों में न्यूनतम पात्रता शर्तों और दृष्टिकोण मानदंडों में स्थिरता बनाए रखना है।

**हरियाणा में थैलेसीमिया और हीमोफीलिया रोगियों को 3000 रुपये मासिक दिव्यांगता पेंशन मिलेगी**

हरियाणा में थैलेसीमिया और हीमोफीलिया से पीड़ित मरीज, जिनकी पारिवारिक आय प्रति वर्ष 3 लाख रुपये तक है, अब 3000 रुपये की मासिक दिव्यांगता पेंशन के हकदार होंगे। इस निर्णय से लगभग 2083 रोगियों को लाभ होने की उम्मीद है और वर्तमान में 3000 रुपये मासिक पेंशन की दर के अनुरूप 7.49 करोड़ रुपये का वार्षिक वितरण होगा।

## चुनाव 2024 देश के सपनों को नई उड़ान देने का चुनाव है : रामबिलास शर्मा



**सिटी 24 न्यूज**

**गुरुग्राम।** लोकसभा चुनाव कार्यालय का उद्घाटन करते हुए पूर्व मंत्री प्रोफेसर रामबिलास शर्मा ने कहा कि लोकसभा चुनाव 2024 देश के सपनों को नई उड़ान देने का चुनाव है। भारत विकसित और विश्व गुरू बनें इसके लिए प्रचंड बहुमत से हरियाणा की 10 की 10 लोकसभा सीटों पर कमल खिलाकर नरेंद्र मोदी को तीसरी बार देश का प्रधानमंत्री बनाना है। कार्यालय उद्घाटन से पहले मुख्य अतिथि राम बिलास शर्मा, केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह, लोकसभा क्लस्टर प्रभारी मनीष ग्रोवर, लोकसभा प्रभारी अजय गौड़, लोकसभा सहप्रभारी मनीष मित्तल सहित सभी नेताओं व कार्यकर्ताओं ने वर्चुअल मुख्यमंत्री मनोहर लाल, प्रदेश प्रभारी बिप्लब कुमार देब और प्रदेश अध्यक्ष नायब सिंह सैनी का संबोधन भी सुना। यहां पहुंचने पर जिला अध्यक्ष कमल यादव ने सभी अतिथियों का स्वागत किया।

मुख्य अतिथि राम बिलास शर्मा ने कहा कि लोकसभा चुनाव में गुरुग्राम लोकसभा से भाजपा भारी मतों से विजयी हो इस हेतु हम सब कार्यकर्ताओ को अपनी पूरी ताकत के साथ लगना होगा और शक्ति केंद्रो तथा बूथ तक हमें जाकर काम करना होगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने गांव चलो अभियान चलाया जिसमें सभी नेताओं, कार्यकर्ताओं और पदाधिकारी 24 घंटों का प्रवास करेंगे और मोदी-मनोहर सरकार की उपलब्धियों को घर-घर लेकर जाएंगे। राम बिलास शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का लक्ष्य देश को विकसित बनाना है तो हमे लोकसभा चुनाव में जितना होगा तभी हम फिर से भारत को विश्व गुरू बना पाएंगे। उन्होंने कहा कि विपक्षी दल झूठ बोलकर व लालच देकर जनता को भ्रमित करने का प्रयास कर रही है, लेकिन हमें जनता के बीच जाकर मोदी-मनोहर सरकार की योजनाओं और देशहित में किए गए प्रधानमंत्री मोदी के कार्यों को बताना होगा। यहां उन्होंने कांग्रेस को घेरते हुए कहा कि कांग्रेस में अभी तक संगठन तक नहीं बना है और हमारे लोकसभा चुनाव कार्यालय खुल रहे हैं।

कार्यक्रम के बाद प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए राव इंद्रजीत सिंह ने कहा कि प्रदेश और देश में बहुत विकास कार्य हुए हैं और उन्होंने विशेष रूप से मैट्रो विस्तार को लेकर केंद्र सरकार की तारीफ की। उन्होंने कहा कि इंफ्रास्ट्रक्चर डवलपमेंट करने में केंद्र सरकार ने ऐतिहासिक काम किए हैं। उन्होंने कहा कि पूरा देश मोदी जी की योजनाओं और उनके काम से प्रभावित हैं इसलिए 2024 में तीसरी बार ऐतिहासिक सीटें लेकर नरेंद्र मोदी फिर से प्रधानमंत्री बनेंगे। प्रेसवार्ता में मनीष ग्रोवर ने भी पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए कहा कि प्रदेश में चुनाव प्रबंधन के लिए कार्यकर्ताओं की टीम बन गई है और हम बड़े दम के साथ चुनाव मैदान में उतर रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि सभी दस लोकसभा सीटें जीतेंगे।

इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष महिला मोर्चा उषा प्रियदर्शी, प्रदेश सचिव गार्गी कक्कड़, विधायक सुधीर सिंगला, प्रदेश मीडिया सहप्रमुख अरविंद सैनी, प्रदेश सोशल मीडिया प्रमुख अरुण यादव, ज़िला अध्यक्ष कमल यादव, ज़िला अध्यक्ष नूँह नरेंद्र पटेल, ज़िला अध्यक्ष रेवाड़ी प्रीतम चौहान, पूर्व विधायक तेजपाल तंवर, बिमला चौधरी, निवर्तमान मेयर मधु आज़ाद, मुकेश शर्मा, नगर परिषद सोहना चेयरमैन अंजू देवी, ज़िला महामंत्री महेश यादव, मनीष गाडोली, रामबीर भाटी, भूपेन्द्र चौहान, महेश चौहान, गोपीचंद गहलोत, सुनील कोहली, बोधराज सीकरी, पूर्व मेयर विमल यादव, ज़िला मीडिया सहप्रमुख जयवीर यादव, नीरज यादव, प्रदेश आईटी सह प्रमुख रोहित सैनी, भानी राम मंगला, ज़ाकिर हुसैन, रवि बंसल, सतीश खोला, राष्ट्र दहिया, प्रो हंसराज, अर्जुन शर्मा, यशपाल बतरा, निवर्तमान पार्षद रवींद्र यादव, राकेश यादव, ब्रहम यादव, कुलदीप यादव, महेश यादव, धर्मबीर, उदयवीर अंजना आदि उपस्थित रहे।



# जिला रैडक्रॉस सोसायटी की ओर से तपेदिक रोगियों को बांटा गया पोषाहार : उपायुक्त नेहा सिंह

**निजी कंपनी ने सीएसआर फंड के तहत पोषाहार के लिए प्रदान किए 4 लाख 20 हजार रुपए**




**सिटी 24 न्यूज/ऋषि भारद्वाज**

**पलवल।** भारत सरकार का वर्ष 2025 तक टी.बी. मुक्त भारत बनाने का सपना साकार करने की दिशा में मंगलवार 30 जनवरी 2024 को उपायुक्त एवं जिला रैडक्रॉस सोसायटी पलवल की चेयरपर्सन नेहा सिंह के मार्गदर्शन तथा जिला रैडक्रॉस सचिव वाजिद अली के निर्देशन में और भारतीय रैडक्रॉस सोसायटी चंडीगढ़ के दिशा-निर्देश अनुसार टी.बी. मुक्त भारत अभियान के तहत ततारपुर स्थित सी.एम.आर. ग्रीन टैक्नोलॉजी लिमिटेड कंपनी द्वारा सीएसआर फंड से रैडक्रॉस सोसायटी पलवल को टी.बी. के मरीजों को एक साल के लिए पोषाहार देने हेतु 4 लाख 20 हजार रुपए प्रदान किए, जिसके अंतर्गत मंगलवार को जिला के 50 पंजीकृत टी.बी. के मरीजों को लघु सचिवालय पलवल के सभागार में जिला विकास एवम पंचायत अधिकारी उपमा अरोड़ा ने पोषाहार दिया।

जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी उपमा अरोड़ा ने बताया कि अच्छी सेहत तथा नियमित दवाइयों से ही इस बीमारी से बचा जा सकता है। इसलिए अच्छी डाइट लेनी चाहिए और खुद से प्यार करें, स्वयं को स्वस्थ रखें। सी.एम.आर. ग्रीन टेक्नोलॉजी लिमिटेड ततारपुर के मुख्य मानव संसाधन अधिकारी संजय कुमार ने कहा कि उनकी कंपनी आगे भी सीएसआर के तहत इस प्रकार की समाज सेवा करती रहेगी। इस अवसर पर जिला रैडक्रॉस सचिव वाजिद अली ने जिला के सभी औद्योगिक इकाइयों व जनसामान्य से अपील करते हुए कहा कि वे भी सी.एम.आर. ग्रीन कंपनी की तरह ही समाज के पिछड़े एवं जरूरतमंद लोगों की सहायता के लिए आगे आएं और बढ़ चढ़क़र उनकी मदद करें। इस मौके पर जिला रैडक्रॉस सोसायटी पलवल से अंजली भयाना व नीतू सिंह, स्वास्थ्य विभाग के जिला टी.बी. अधिकारी डा. संजय, एचआर एडमिन नरेश कुमार, मनवीर सिंह, सतेंद्र, सी.एम.आर. ग्रीन टेक्नोलॉजी लिमिटेड टी.बी. कॉर्डिनेटर आरती मौर्य सहित स्वयंसेवक मौजूद रहे।

# रोजगार कार्यालय में लगा रोजगार मेला

## 60 प्रार्थियों ने लिया भाग, 30 का मौके पर ही हुआ चयन

**सिटी 24 न्यूज/ऋषि भारद्वाज**

**पलवल।** जिला रोजगार अधिकारी शक्तिपाल ने बताया कि पलवल के रोजगार कार्यालय में मंगलवार 30 जनवरी 2024 को एक रोजगार मेले का आयोजन किया गया, जिसमें तुला हॉस्पीटल पलवल, एवन ट्यूब टैक प्राइवेट लिमिटेड, टोकई इंपीरियल रबड इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, रोस्टफ्रेल स्टील प्राइवेट लिमिटेड, बीजेके डिजाइंस प्राइवेट लिमिटेड विभिन्न कंपनियों ने भाग लिया। इस मेले में कुल 60 प्रार्थियों ने भाग लिया तथा कंपनियों द्वारा 30 प्रार्थियों का मौके पर ही चयन किया गया।



# प्रदेश को कुष्ठ रोग से मुक्त करने के लिए अधिकारियों व कर्मचारियों ने लिया प्रण



**सिटी 24 न्यूज/ऋषि भारद्वाज**

**पलवल।** विकसित भारत अभियान कार्यक्रम के तहत मंगलवार को स्वास्थ्य विभाग की ओर से जिला नागरिक अस्पताल व लघु सचिवालय पलवल के सभागार में अधिकारियों व कर्मचारियों को हरियाणा प्रदेश को कुष्ठ रोग से मुक्त करने हेतु शपथ दिलाई गई, जिसमें सभी अधिकारियों व कर्मचारियों ने बढ चढक़र हिस्सा लिया। इस मौके पर सभी ने व्यक्तिगत रूप से कुष्ठ रोग से प्रभावित व्यक्तियों के खिलाफ कलंक और भेदभाव को समाप्त करने के लिए एकजुट होकर काम करने का प्रण लिया। इस अवसर पर जिला कुष्ठ अधिकारी डा. संजय शर्मा, डीडीपीओ उपमा अरोड़ा, जिला रैडक्रॉस सोसायटी के सचिव वाजिद अली, जिला प्रशिक्षण अधिकारी नीतू सिंह, लेखाकार अंजली, जिला समन्वयक आरती मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# कॉमन एरिया लाइटनिंग कैंपेन फॉर रूरल सेक्टर के तहत वितरित किए एलईडी बल्ब : एडीसी साहिल गुप्ता



**सार्वजनिक स्थलों से पारंपरिक प्रकाश बल्ब के स्थान पर लगाए जाएंगे एलईडी बल्ब**

**उर्जा संरक्षण करने के उद्देश्य से प्रदान किए गए एल.ई.डी. बल्ब**

**सिटी 24 न्यूज/ऋषि भारद्वाज**

**पलवल।** अतिरिक्त उपायुक्त साहिल गुप्ता द्वारा मंगलवार को कॉमन एरिया लाइटनिंग कैंपेन फॉर रूरल सेक्टर के तहत उर्जा संरक्षण गतिविधियों को बढ़ाने, व्यापक जागरूकता और ग्रामीण बुनियादी ढांचे में सुधार करने हेतु जिला की पांच ग्राम पंचायतों को एल.ई.डी. बल्ब वितरित किए गए। यह बल्ब जिला की पांच ग्राम पंचायतों नामत: जैनपुर, बजादा पहाडी, कोंडल, फिरोजपुर राजपूत, आयानगर के सरपंचो तथा संबंधित ग्राम सचिवों को जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी उपमा अरोड़ा की मौजूदगी में वितरित किए गए। इन एल.ई.डी. बल्ब को प्रदान करने का मुख्य उद्देश्य स्कूल, कॉलेज, होस्टल, धार्मिक स्थान, पार्क, मंदिर, गुरुद्वारा, मस्जिद, सामुदायिक भवन, सीएचसी, पीएचसी, पंचायत घर, आंगनवाडी सेंटर, गऊशाला, सार्वजानिक पार्क, सडक़ जैसे सार्वजानिक स्थलों पर लगे पारंपरिक प्रकाश बल्ब को बदलकर एल.ई.डी. बल्ब को लगाना है, ताकि उर्जा संरक्षण किया जा सके। उन्होंने ग्राम पंचायतों को हिदायत दी कि जिन पारंपरिक प्रकाश बल्बों को बदला जाए, उन्हें नवीकरणीय उर्जा विभाग के परियोजना अधिकारी तथा संबंधित ग्राम पंचायत के सचिव और ग्राम सरपंच के समक्ष नष्ट किया जाए। इस दौरान विभाग के परियोजना अधिकारी वरेंद्र सिंह, डीडीपीओ उपमा अरोड़ा, ग्राम पंचायतो से सरपंच, ग्राम सचिव मौजूद रहे।

# अवैध हथियार धारकों की धरपकड़ अभियान के तहत क्राइम ब्रांच टीम ने देसी पिस्टल एवं कारतूस सहित आरोपी को किया गिरफ्तार

**सिटी 24 न्यूज/ऋषि भारद्वाज**

**पलवल।** जिला पुलिस अधीक्षक डॉ अंशु सिंगला के कुशल नेतृत्व में जिला पुलिस द्वारा एक विशेष अभियान अवैध हथियार धारकों की धरपकड़ के संबंध में चलाया हुआ है।

इसी अभियान के अंतर्गत गत दिनांक 29 जनवरी 2024 को क्राइम ब्रांच पलवल प्रभारी उप निरीक्षक अजीत नागर की टीम में तैनात हेड कांस्टेबल मनोज कुमार ने थाना शहर क्षेत्र अंतर्गत हुड्डा मार्किट सेक्टर 2 पलवल से एक आरोपी को एक देशी पिस्टल व एक जिन्दा रोंद अवैध हथियार सहित काबू किया। अवैध हथियार को कब्ज में लेकर आरोपी के विरुद्ध संबंधित थाना शहर पलवल में शस्त्र अधिनियम के तहत अभियोग पंजीबद्ध कर कार्यवाही अमल में लाई जा रही है।



# एसपी डॉ अंशु सिंगला के निर्देशन में पलवल पुलिस ने यातायात नियमों और साइबर अपराध के नियमों के बारे में लोगों को किया जागरूक

**सिटी 24 न्यूज/ऋषि भारद्वाज**

**पलवल।** मंगलवार को पुलिस द्वारा चलाए गए जागरूकता अभियान में पलवल पुलिस की करीब 30 टीमो ने विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों मे शिक्षक, छात्र एवं आमजन को साइबर अपराध, महिलाओं व बच्चों के विरुद्ध होने वाले अपराधों के बारे में जागरूक किया गया साथ ही उन्हें यातायात नियमों तथा नशा के दुष्प्रभाव बारे भी जागरूक किया गया। सभी जगह साइबर अपराध, महिला अपराध तथा यातायात नियमों तथा नशा के दुष्प्रभाव जागरूक संबंधित सामग्री वितरित की गई। जिला पुलिस द्वारा चलाया गया जागरूकता अभियान अब तक का सबसे बडा जागरूकता अभियान है इससे पूर्व भी एस0पी0 महोदया के कुशल-मार्गदर्शन मे जिला पलवल पुलिस की टीमें पिछले काफी समय से जिले के अधिकतर स्कूलों/कॉलेजों एवं गांवों में इस तरह के जागरूकता अभियान चला चुकी हैं । आज पुलिस द्वारा चलाये गये अभियान में करीब 15 हजार लोगों को जागरूक किया गया। जागरूकता अभियान में पलवल पुलिस ने सभी को इंटरनेट बैंकिंग, ऑनलाइन फ्राड, वालेट और यूपीआई संबंधित धोखाधड़ी से बचाव, आधार इनेबल्ड पेमेंट सिस्टम ऑनलाइन वित्तीय ठगी से बचाव, फेसबुक हैकिंग, बारकोड के माध्यम से होने वाले फ्रॉड, व्हाट्सएप हैकिंग से बचाव, फर्जी वेबसाइट से होने वाले फ्रॉड के संबंध में सावधानियां बरतने की सलाह दी गई। फेसबुक, इंस्ट्राग्राम, व्हाट्सएप आदि सोशल साइट्स से हनी ट्रैप के संबंध में सभी को जागरूक रहने के लिए कहा गया। सिम कार्ड के माध्यम से, एटीएम कार्ड बदलकर, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड के माध्यम से, बायोमैट्रिक, क्यूआर कोड स्कैन, सोशल मीडिया पर अनजान व्यक्ति से दोस्ती, फर्जी कॉल, अनजान व्हाट्सएप वीडियो कॉल, ऑनलाइन लोन देने वाले ऐप, सोशल मीडिया पर रुपयों की मांग करने वालों से, गूगल से कस्टमर केयर नंबर सर्च करने बारे व यूपीआई संबंधी फ्राड के प्रति भी जागरूक किया गया। साइबर ठगी होने पर डायल 1930 कर अपनी शिकायत रजिस्टर्ड कराने बारे सभी को अहम जानकारी दी गई। जागरूकता अभियान में पलवल पुलिस ने महिलाओं को उनके अधिकारों व महिला विरुद्ध अपराध के बारे सजग किया गया। दुर्गा शक्ति ऐप इंस्टॉल करवाई गई और इसे ऑपरेट करने बारे बताया गया। महिलाओ को जागरूक कर उन्हें दुर्गा शक्ति एप और आपातकालीन हेल्पलाइन नंबर-1091 के बारे में जानकारी दी गई। इस दौरान सभी को राष्ट्र निर्माण में अहम ट्रैफिक रूल्स की पालना बारे अपील की गई। आमजन को बताया कि किसी भी प्रकार की आपातकालीन स्थिति में आप डायल 112 कर पुलिस सहायता प्राप्त कर सकते हैं। इसके अलावा नशे के दुष्प्रभाव से जागरूक करते हुए नशा ग्रस्त को नशा से दूर रहकर शिक्षा, खेलकूद व अन्य सामाजिक हित के कार्य करने के लिए प्रेरित किया गया। पुलिस अधीक्षक पलवल डॉ अंशु सिंगला ने चलाये गये इस अभियान पर कहा कि पलवल पुलिस सदैव आपकी सुरक्षा के लिए प्रतिबद्व एंव तत्पर है। अभियान की सफलता के लिए सभी को एक जुट होना होगा ताकि हम नशा मुक्त समाज की स्थापना कर सकें। हमें संकल्प लेना होगा कि हम राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान देते हुए ट्रैफिक रूल्स की पालना करेगें और नारी का सम्मान करेगें। साईबर अपराधियों को अपनी मेहनत की गाढी कमाई हजम नहीं होने देगें इसके लिए हम स्वयं और अन्य को साइबर अपराध के प्रति जागरूक करेगें।

**थाना एवं चौकी की करीब 30 टीमों ने 15 हजार से अधिक लोगों को किया जागरूक**

**पलवल पुलिस का नया नारा-नववर्ष के 3 संकल्प में शामिल हों**

**1. यातायात नियमों की करें पालना-आपातकालीन नं0 112 करें डायल।**

**2. महिलाओं का करें सम्मान- महिला आपातकालीन नं0 1091 करें डायल।**

**3. साईबर ठगी से बचें- राष्ट्रीय साईबर हैल्पलाईन नं0 1930 करें डायल।**

**जागरूकता से ही साइबर अपराध से बचा जा सकता है 'जागरूक रहें,सतर्क रहें,सुरक्षित रहें**



# लवल में राष्टपिता महात्मा गांधी की 76वीं पुण्य तिथि मनाई

**सिटी 24 न्यूज/ऋषि भारद्वाज**

**पलवल।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की 76वीं पुण्यतिथि के अवसर पर आज गांधी सेवा आश्रम ट्रस्ट पलवल के परिसर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर गांधी जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। गांधी सेवा आश्रम ट्रस्ट पलवल के प्रधान देवी चरण मंगला ने बताया कि 30 जनवरी का शहीद दिवस महात्मा गांधी को समर्पित है।

देश के राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 30 जनवरी को पुण्यतिथि मनाई जाती है। इस दिन 1948 को नाथूराम गोडसे ने महात्मा गांधी की गोली मारकर हत्या कर दी थी। उन्होंने कहा कि पलवल जिला ऐतिहासिक जिला है। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी ने रौलट एक्ट का विरोध किया था। उन्होंने बताया कि 10 अप्रैल 1919 को गांधी जी को पलवल के रेलवे स्टेशन पर गिरफ्तार किया था। नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने पलवल आकर गांधी सेवा आश्रम की नींव रखी थी। गांधी जी की यादें पलवल से जुड़ी हुई है।



गांधी जी की याद में म्यूजियम बनाया गया है जिसमें गांधी जी की यादों से जुड़े हुए चित्र लगाए गए है। उन्होंने कहा कि देश को आजादी दिलाने के लिए सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलने वाले गांधी जी के निधन के बाद उनकी पुण्यतिथि को शहीद दिवस के रूप में मनाया जाने लगा। इस तरह प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया है। स्थानीय निवासी यशपाल मंगला ने कहा कि गांधी जी की पुण्यतिथि के अवसर पर शांति यज्ञ किया गया। इसके पश्चात प्रभु भक्ति व देश भक्ति के भजन गाए गए। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी ने देशवासियों को सत्य और अहिंसा का संदेश दिया। हमें उनके जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए।

# गांव में तीन दिन से लापता युवक का शव मकान के पास प्लाट में फंदे से लटका मिला

**सिटी 24 न्यूज/ऋषि भारद्वाज**

**होडल।** चार दिन से लापता युवक का शव उनके मकान के सामने खाली पड़े एक मकान के कमरे में फांसी के फंदे पर लटका हुआ मिला। सूचना पर पहुंची मुंडकटी थाना पुलिस ने शव को फांसी के फंदे से उतार कर पोस्टमार्टम के लिए जिला नागरिक अस्पताल भिजवा दिया। फिल्हाल मामले में पुलिस ने मृतक के परिजनों बयान पर 174 सीआरपीसी की कार्रवाई करते हुए पोस्टमार्टम के बाद उसके परिजनों को सौंप दिया। जांच अधिकारी संदीप ने मामले की जानकारी देते हुए बताया है कि पुलिस को सूचना मिली की सौंदहद गांव में एक 22 वर्षीय युवक ने अपने मकान के सामने खाली पड़े मकान के कमरे में फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली है, शव फांसी पर लटका हुआ है। सूचना मिलने पर पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला नागरिक अस्पताल भिजवा दिया। मृतक युवक की पहचान सौंदहद गांव निवासी प्रताप के 22 वर्षीय बेटा प्रिंस के रुप में हुई है। बताया कि प्रिंस 25 जनवरी को अचानक अपने घर से लापता हो गया था। जिसको परिजनों काफी तलाश किया, लेकिन कहीं नहीं मिला। उन्हें सूचना मिली की प्रिंस का शव गांव में ही उनके मकान के पास बंद पड़े एक मकान के कमरे में फांसी के फंदे पर लटका हुआ है। सूचना पाकर मृतक के परिजन व पुलिस मौके पर पहुंची तो देखा कि प्रिंस के गले में बिजली के तार थे और उसका शव दरवाजे से लटक रहा था। परिजनों ने आशंका व्यक्त की है कि किसी ने प्रिंस की हत्या कर शव को यहां लटका दिया है। पुलिस ने फिल्हाल मृतक के परिजनों के बयान पर 174 सीआरपीसी के तहत कार्रवाई करते हुए शव को पोस्टमार्टम कराने के बाद उसके परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद पता चल पाएगा की प्रिंस की मौत कैसे हुई। उसके बाद आगे की कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।



# अग्रवाल वैश्य समाज ने की राज्यसभा में अग्रवाल समाज को प्रतिनिधित्व देने की मांग

सिटी 24 न्यूज/निकिता माधोगड़िया



**रेवाड़ी।** देश मे वैश्य समाज की जनसंख्या करीब 16 करोड़ से अधिक है। यह समाज एक धर्मपरायण व सामाजिक व्यस्था चलाने वाला जन-जन की सेवा करने वाला समाज है। देश की आजादी एवं निर्माण में इसका अहम योगदान है। वहीं हरियाणा विधानसभा में भाजपा के 40 में 7 विधायक व एक निर्दलीय विधायक जिसका समर्थन भाजपा को हैं जो अग्रवाल समाज से हैं। इसी आधार पर अग्रवाल समाज को राज्यसभा में प्रतिनिधित्व मिलना चाहिए। ये बात वैश्य अग्रवाल समाज युवा प्रदेश अध्यक्ष रवि गर्ग बधवानिया ने मंगलवार को प्रेस को जारी बयान में कही। बधवानिया ने कहा कि अग्रवाल समाज का हरियाणा में अभी तक कोई भी सांसद ना ही लोकसभा में है और ना ही राज्यसभा में। इसलिए हरियाणा में एक राज्यसभा सीट पर व एक लोकसभा सीट पर अग्रवाल समाज के किसी वरिष्ठ एवं सक्रिय कार्यकर्ता को प्रतिनिधित्व दिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि अग्रवाल समाज से अनेक नेता ऐसे हैं जिन्होंने सालों से पार्टी के निष्ठावान सिपाही बनकर पार्टी की सेवा की है। पार्टी का भी दायित्व है कि इन्हीं में से किसी योग्य व निष्ठावान कार्यकर्ता को प्रतिनिधित्व का अवसर प्रदान कर अग्रवाल समाज को सम्मान देने का काम करें। रवि गर्ग ने कहा कि अग्रवाल समाज के व्यक्ति को प्रतिनिधित्व का अवसर देने से समाज में भाजपा के प्रति एक सकारात्मक संदेश जाएगा और समाज के लोग पहले से भी अधिक निष्ठा से पार्टी के साथ जुड़कर कार्य करेंगे और पार्टी को नई ऊंचाइयों पर लेकर जाएंगे। इसलिए पार्टी हाईकमान को इस पर संज्ञान लेकर व विचार विमर्श कर अग्रवाल समाज के व्यक्ति को राज्यसभा सांसद के लिए आगे करना चाहिए।

# सरकार को पटवारियों की मांग मान लेनी चाहिए : सैन



सिटी 24 न्यूज/निकिता माधोगड़िया

**रेवाड़ी।** दी रेवेन्यू पटवार एवम कानूनगो एसोसिएशन हरियाणा के आह्वान पर 30 जनवरी मंगलवार को भी ज़िला रेवाड़ी के समस्त पटवारी एवम कानूनगो जिला सचिवालय रेवाड़ी के पास सांकेतिक धरना में हाज़िर रहे। यह सांकेतिक धरना एसोसिएशन हरियाणा के आह्वान पर 31 जनवरी को भी जारी रहेगा। अगर फिर भी सरकार यूनियन की मांगों को पूरा नही करती हैं तो आन्दोलन में तेजी लाई जाएगी व जगह जगह धरना प्रदर्शन किया जायेगा । यूनियन अपनी मांग को जो नया वेतनमान सरकार ने 32100 लागु किया है। यह दिनांक 01 जनवरी 2016 से नोशनली व जनवरी 2023 से वास्तविक रुप से लागु किया जावे। आज धरने को एम्स संघर्ष समिति ने समर्थन दिया तथा पदाधिकारीयो तथा कार्यकारी अध्यक्ष कैलाश यादव, सचिव ओमप्रकाश सैन आदि ने सम्बोधित करते हुए कहा कि हरियाणा सरकार को पटवारियों की जायज मांगो को तुरंत परभाव से मान लेना चाहिए अन्यथा एम्स संघर्ष समिति भी धरने का समर्थन करते हुऐ पूरे जिले में प्रदर्शन करेंगी।हरियाणा सरकार अपने तानाशाही रवैया का परिचय देकर हरियाणा की आम जनता को परेशान कर रही है, सरकार को पटवारियों की बात को मान लेना चाहिए, क्योंकि मांगे उचित व जायज है। कड़ाके की इस ठंड में सरकार के खिलाफ जमकर नारे बाजी की गई और जिला सचिव ने सरकार को कोसते हुए कहा कि अब इस संघर्ष को और तेज करने का समय आ गया है लिहाज़ा सरकार अपने किए हुए वादे को पूरा करे और आमजन को हो रहीं परेशानी से निजात दिलाए। इस मौके पर उप प्रधान परवीन कुमार गिरदावर , रण सिंह गिरदावर, विजय गिरदावर, कबीर पटवारी, प्रदीप पटवारी, संजीत पटवारी, अशोक पटवारी, कुलदीप पटवारी, कपिल पटवारी, जसबीर पटवारी, सुधीर पटवारी, सुखपाल पटवारी, कविता पटवारी वा ममता पटवारी सहित समस्त पटवारी व गिरदावर उपस्थित रहे।

# आयुष विभाग का हर घर परिवार-सूर्य नमस्कार अभियान 1 से: डॉ मनोज यादव




सिटी 24 न्यूज/निकिता माधोगड़िया

**रेवाड़ी।** हरियाणा योग आयोग, पंचकूला के द्वारा हर घर परिवार सूर्य नमस्कार का कार्यक्रम 1 फरवरी से 12 फरवरी 2024 तक निरंतर मनाया जाएगा है। इस कार्यकम के लिए विभिन्न अंतर विभागीय बैठकों का आयोजन किया गया है। इस राष्ट्रीय कार्यक्रम के चलते विभिन्न स्कूलों, विश्वविद्यालयों, संस्थाओं में नियमित रूप से हर घर परिवार-सूर्य नमस्कार का रजिस्ट्रेशन करवाया जायेगा। जिसमें आयुष विभाग, पुलिस विभाग, शिक्षा विभाग व अन्य योग संस्थाओं द्वारा जिला रेवाड़ी में पंजीकरण व प्रशिक्षण का कार्य निरंतर जारी करवाया जायेगा तथा कार्यक्रम को अधिक गति देने के लिए जिला योगा कॉर्डिनेटर डॉ० बसन्त कुमार की अध्यक्षता में जिला मुख्यालय पर सभी योग सहायकों को निर्देश दिए गये कि आप सभी आयुष योग सहायक अधिक-से-अधिक रजिस्ट्रेशन करवाना सुनिश्चित करें, ताकि इस हर घर परिवार-सूर्य नमस्कार के कार्यक्रम को सफल मनाया जा सकें। रेवाड़ी जिले के सभी ग्रामों में इस अभियान को निरंतर रूप से चलाया जायेगा। जिला योगा कॉर्डिनेटर डॉ० बसन्त कुमार ने यह भी बताया कि हर घर परिवार सूर्य नमस्कार की रूपरेखा तैयार कर ली गई है। हर घर परिवार-सूर्य नमस्कार कार्यक्रम में जिला कार्यवाहक अधिकारी डॉ० दिनेश जी ने इस कार्यक्रम के लिए डॉ० राकेश छिल्लर योग विशेषज्ञ को नोडल अधिकारी के रूप में नियुक्त किया गया है तथा संबंधित अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए गए हैं कि इस राष्ट्रीय कार्यकम में आमजन की अधिक-से-अधिक रजिस्ट्रेशन कर उक्त कार्यक्रम में आमजन की सहभागिता निश्चित करी जाए। इस बाबत पत्रकारों को अवगत कराते हुए जिला प्रोग्राम मैनेजर संदीप यादव राष्ट्रीय आयुष मिशन ने बताया कि आम जन से भी निवेदन है कि वे अपना हर घर परिवार सूर्य नमस्कार की वेवसाईट पर जाकर नि:शुल्क रजिस्ट्रेशन करना सुनिश्चित करें, ताकि हर घर परिवार सूर्य नमस्कार अभियान को सफलतापूर्वक मनाया जा सकें।

# मकान से आभूषण चोरी करने के मामले में एक आरोपी गिरफ्तार

सिटी 24 न्यूज/निकिता माधोगड़िया

**रेवाड़ी।** एसपी दीपक सहारन के दिशा निर्देश में कार्य करते हुए थाना रामपुरा पुलिस ने मकान से आभूषण चोरी करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी किए गए आभूषण में से 01 मंगल सुत्र सोना, 01 लोंग, 01 गोल्डन घडी, 01 चादी की अंगुठी, 06 चांदी के सिक्के, 08 जोड़ी पाजेव चांदी की, 04 जोड़ी चुटकी चांदी की, 02 जोड़ी बच्चे के कडे, 01 कंठी माला को बरामद कर लिया है। जांचकर्ता ने बताया की गांव राजपुरा खालसा हाल किरायेदार मोहल्ला जसवंतनगर रेवाडी निवासी आरती देवी ने अपनी शिकायत में बताया की 28 जनवरी 24 को वह



अपने पति के साथ घर पर लॉक लगाकर दोपहर के समय मे बाजार गई थी। जब वह वापिस आई तो मकान के अन्दर का लॉक टूटा हूआ मिला तथा घर के अंदर रखे उसके आभूषण भी नही मिले। किसी ने उसके घर में रखे आभूषण को चोरी कर लिया है। जिस पर पुलिस ने थाना रामपुरा में चोरी का मामला दर्ज कर मामले में एक आरोपी राजस्थान के जिला खैरथल के मोहल्ला सुभाष नगर निवासी मोहन को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी किए गए सभी आभूषणों को बरामद कर लिया है। पुलिस द्वारा पूछताछ में आरोपी ने उसी दिन मोहल्ला जसवंतनगर में एक और मकान में चोरी करना भी स्वीकार किया है। पुलिस ने आरोपी को पेश अदालत कर दो दिन के पुलिस रिमांड पर लिया है।

# टास्क या इन्वेस्टमेंट फ्राड से रहे सावधानः एसपी दीपक सहारन

**पार्ट टाइम जॉब में पैसे कमाने के नाम पर यदि आपसे कोई इन्वेस्टमेंट करने की बात कहे तो हो जाएं सतर्क।**

**सोशल मीडिया पर लालची ऑफर में आकर अपने पैसे ना गवाएं।**



सिटी 24 न्यूज/निकिता माधोगड़िया

**रेवाड़ी।** पुलिस अधीक्षक दीपक सहारन आईपीएस ने टास्क या इन्वेस्टमेंट के नाम पर होने वाली साइबर ठगी के बारे में नागरिकों को जागरूक करते हुए बताया की साइबर अपराधी सबसे पहले आपके वाट्सएप पर विदेशी या स्वदेशी नम्बरों से मैसेज करता है जोकि आपको पार्ट टाइम जॉब देने के नाम पर होता है। उसमे आपको कुछ बडे बडे यूट्यूब चैनल दिये जाते है जिन्हे आपको सब्सक्राइब करके उसका स्क्रीन शाट उन्हे भेजना होता है। जिसके बदले में वो आपको एक सब्सक्राइब करने का 50 रुपये देते हैं। आपको शुरुआत में लगभग 3 सब्सक्राइब का टास्क दिया जाता है और जब आप उन्हे टास्क पूरा करके व्हाट्सएप पर स्क्रीनशॉट भेज देते हैं तो ये आपको बोलते हैं कि यदि आपको पेमेंट लेना है तो वो आपको एक टेलीग्राम की आईडी देते है और बोलते हैं कि इस आईडी पर मैसेज करो, जैसे ही आप टेलीग्राम पर मैसेज करते हो तो वो आपकी बैंक डिटेल मांगते हैं।

उसके बाद आपके खाते में 150 रुपये आ जाते है। उसके बाद ये आपको टेलीग्राम पर एक ग्रुप का लिंक भेजते हैं कि आप इस ग्रुप में ऐड हो जाओ हम आपको इस ग्रुप में हर आधे घंटे में इसी प्रकार का लिंक देंगे आपको उसे सब्सक्राइब करके उसका स्क्रीनशॉट वापिस उसी ग्रुप में भेजना है। उसके बाद आपके कुछ पैसे प्राप्त होते है। फिर आपके पास उसी ग्रुप के एडमिन द्वारा मैसेज आता है कि यदि आप अपने पैसों को और भी ज्यादा बढाना चाहते है तो आप और पैसा इन्वेस्ट करें व इस ग्रुप मे कुछ लोग फर्जी मैसेज भी करते हैं कि मैंने इसके माध्यम से बहुत सारे पैसे कमा लिए हैं जिससे व्यक्ति को लालच आ जाता है और आप इसमें और पैसे इन्वेस्ट करने शुरू कर देते हैं। उसके बाद जैसे जैसे आप पैसे डालते जाते हैं तो आपको वो एक फर्जी वेबसाइट पर ले जाते है, जहां आपको आपके पैसे एक वर्चुअल खाते मे दिखाई तो देते है पर आप जब उन्हे निकालने की कोशिश करते हैं तो आपको बोला जाता है कि दूसरे राउंड मे पैसे लगाने के बाद ही अपने पहले वाले पैसे निकाल सकते हैं, दूसरे के बाद तीसरा और तीसरे के बाद चौथा राउंड। इस तरह आपके पैसे फंस जाते हैं व आप टास्क फ्रॉड का शिकार हो जाते हैं।

# जवाहर नवोदय विद्यालय रसूलपुर में कक्षा 9वीं व 11वीं के रिक्त स्थानों को भरने के लिए आगामी 10 फरवरी को आयोजित होगी समानांतर प्रवेश परीक्षा : डीसी नेहा सिंह

**विद्यार्थी वैबसाइट पर विजिट करके डाउनलोड करें अपने एडमिट कार्ड**

**रसूलपुर के जवाहर नवोदय तथा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में स्थापित किए परीक्षा केंद्र**



सिटी 24 न्यूज/ऋषि भारद्वाज

**पलवल।** जिला उपायुक्त नेहा सिंह ने बताया कि जवाहर नवोदय विद्यालय रसूलपुर पलवल में कक्षा 9वीं व 11वीं के रिक्त स्थानों को भरने के लिए समानांतर प्रवेश परीक्षा आगामी 10 फरवरी को आयोजित की जाएगी। यह परीक्षा गांव रसूलपुर में स्थित जिला के जवाहर नवोदय विद्यालय तथा गांव रसूलपुर में ही स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में स्थापित किए गए परीक्षा केंद्र पर आयोजित होगी। जवाहर नवोदय विद्यालय रसूलपुर के प्रधानाचार्य सुभाषचंद्र ने जानकारी देते हुए बताया कि कक्षा 9वीं में प्रवेश लेने के लिए 511 विद्यार्थी व कक्षा ग्यारहवीं में प्रवेश हेतु कुल 101 विद्यार्थी परीक्षा में बैठेंगे, जिसके प्रवेश पत्र सीबीएसई के द्वारा जारी किए जा चुके हैं। उन्होंने बताया कि जवाहर नवोदय विद्यालय रसूलपुर के परीक्षा केंद्र पर कक्षा 9वीं के 240 विद्यार्थियों का तथा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय रसूलपुर के परीक्षा केंद्र पर कक्षा नौवीं के 271 विद्यार्थियों की परीक्षा आयोजित की जाएगी। इसके अलावा 11वीं के सभी विद्यार्थियों की परीक्षा केवल जवाहर नवोदय विद्यालय रसूलपुर पलवल के परीक्षा केंद्र पर ही आयोजित होगी। विद्यार्थी स्कूल के वैबपोर्टल https://navodaya.gov.in/nvs/en/Homev/ पर अपने एडमिट कार्ड डाउनलोड कर परीक्षा में शामिल हो सकते हैं।

# सरपंचों और ग्राम सचिवों को भारतीय मानकों और गुणवत्ता पारिस्थितिकी तंत्र के बारे में दी जानकारी : तुलिका झा

## भारतीय मानक ब्यूरो की सलाहकार ने ग्राम पंचायतों के प्रतिनिधियों को दिया प्रशिक्षण




सिटी 24 न्यूज/ऋषि भारद्वाज

**पलवल।** भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) फरीदाबाद ने मंगलवार को पलवल के लघु सचिवालय के सभागार में ग्राम पंचायतों के सरपंचों के साथ-साथ ग्राम सचिवों को प्रशिक्षण दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी उपमा अरोड़ा ने की। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिला के समस्त सरपंचो व ग्राम सचिवों ने भाग लिया। डीडीपीओ उपमा अरोड़ा ने कहा कि हम जो वस्तु अपने खान-पान में शामिल कर रहे हैं उनके बारे में हमें जागरूक होना बहुत जरूरी है। कुछ भी प्रोडक्ट लेते समय हमें उस सामान की वैधता तथा वह सामान किन-किन खाद्य पदार्थों से मिलकर बना है अथवा वह सही मार्का है अथवा नहीं, इन सभी का ज्ञान होना चाहिए। इसके बारे में हमें खुद भी जागरूक होना है तथा अन्य लोगों को भी जागरूक करना है। इससे अन्य नागरिकों में भी जागरूकता का एक सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा।

बीआईएस की सलाहकार तुलिका झा ने प्रशिक्षण के दौरान ग्राम पंचायतों के सरपंचों और ग्राम सचिवों को भारतीय मानकों और गुणवत्ता पारिस्थितिकी तंत्र के बारे में विस्तार से जानकारी देकर जागरूक किया। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायत स्तर पर विभिन्न कार्यक्रमों और योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए भारतीय मानकों का उपयोग करने के लिए क्षमता निर्माण दिशा में कार्य किया जा रहा है।

उन्होंने बीआईएस केयर ऐप की भी जानकारी दी। बीआईएस के ग्रेजुएट इंजीनियर गुनदीप कश्यप ने जानकारी देते हुए बताया कि बीआईएस ऐप के माध्यम से प्रोडक्ट का आईएस नंबर अंकित करके संबंधित उत्पाद के निर्माण की गुणवत्ता का पता लगाया जा सकता है। इसके अलावा अगर उस संबंधित प्रोडक्ट में किसी प्रकार की कोई खामी है तो उसकी शिकायत भी बीआईएस के माध्यम से कर सकते हैं। उन्होंने ग्राम पंचायत के सभी उपस्थित सदस्यों से इन प्रशिक्षणों को सुविधाजनक बनाने और अपनी संबंधित पंचायत में जागरूकता पैदा करने में अपना समर्थन प्रदान करने की अपील की।

# एडवोकेट नितेश अग्रवाल व आदिनायक गौड बने नेहरू युवा केन्द्र संगठन सलाहाकार समिति के सदस्य



सिटी 24 न्यूज/निकिता माधोगड़िया

**रेवाड़ी।** केन्द्रीय युवा मामले और खेल मंत्री अनुराग ठाकुर भारत सरकार द्वारा एडवोकेट नितेश अग्रवाल व आदिनायक गौड को नेहरू युवा केन्द्र संगठन की जिला सलाहकार समिति के सदस्य के रूप में नामित किया है। ज्ञात रहे कि एडवोकेट नितेश अग्रवाल भाजपा में रेवाड़ी जिला मीडिया प्रभारी का दायित्व संभाल रहे है। इसके साथ ही अग्रवाल वैश्य समाज की युवा इकाई का प्रदेश प्रवक्ता जैसा जिम्मेदार दायित्व उनके पास है। एडवोकेट नितेश अग्रवाल छोटी उम्र से ही सामाजिक, धार्मिक व राजनीतिक कार्यक्रमों में बढ-चढ कर भाग लेते है तथा अनेक युवाओं के प्रेरणा स्त्रोत भी है। वहीं आदिनायक गौड भी भाजपा युवा मोर्चा में जिला सचिव पद आसीन है। दोनों ने अपनी इस नियुक्ति पर अनुराग ठाकुर केन्द्रीय युवा मामले और खेल मंत्री भारत सरकार, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष नायब सिंह सैनी, जिला अध्यक्ष प्रीतम सिंह चौहान का आभार व्यक्त किया है। उनकी इस नियुक्ति पर उनके साथी अधिवक्ताओं व सामाजिक संगठनों के लोगों ने उन्हें बधाई दी है। बधाई देने वालों में पूर्व प्रधान एडवोकेट राव रघुबीर सिंह, बावल बार के प्रधान प्रवीण यादव, पूर्व प्रधान नितिन कौशिक, पूर्व उपप्रधान शौकीन शर्मा, एडवोकेट बिरेन यादव, विरेन्द्र यादव, योगेश बोलनी, पूर्व सचिव प्रवीण शर्मा, पूर्व सहसचिव मोहित जैन, जयंत यादव, निरंजन यादव, नितिन चावरिया, पूनम शर्मा, रोहन मंगला, नरबीर यादव खलियावास, प्रिया खिच्ची, संदीप यादव, संजना यादव, सुनीता गज्जीवास, नेहा यादव, यशवनी गिंदोखर, राहुल यादव, सौरभ यादव, एडवोकेट सौरभ गुप्ता, एडवोकेट पंकज गोयल, मनोज गोयल गुडियानी, चंद्रमोहन गुप्ता, भानू मित्तल, नितिन गुप्ता, चिराग अग्रवाल, विपुल गुप्ता, शिवम अग्रवाल, यश जिंदल सहित अनेक लोग शामिल रहे।

# सांग सम्राट मास्टर नेकीराम के नाम पर सम्मान शुरू न होना पीड़ादायक: रमेश

सिटी 24 न्यूज/निकिता माधोगड़िया



**रेवाड़ी।** जिला के गांव जैतड़ावास में जन्में प्रसिद्ध सांग सम्राट व लोक कवि मास्टर नेकीराम को सरकारी स्तर पर सम्मान दिलाने की मांग अब तेज हो गई है। बावल विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस नेता रमेश ठेकेदार ने भी इसका समर्थन किया है। उन्होंने कहा कि मास्टर नेकीराम प्रदेश के वरिष्ठ सांग सम्राट व लोक कवि रहे हैं। उन्होंने 60 वर्षों तक हरियाणवी साहित्य व लोक संस्कृति के विकास में योगदान देते हुए प्रदेश का नाम रोशन किया। इसके बावजूद भी मास्टर नेकीराम के नाम पर सम्मान शुरू न होना पीड़ादायक है जबकि उनके समकालीन लोक कवियों के नाम पर वर्तमान सरकार द्वारा सम्मान शुरू किए जा चुके हैं। विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा उनके नाम पर पुरस्कार, आईजीयू मीरपुर में चेयर, पार्क व चौक आदि की स्थापना की कई वर्षों से मांग उठाई जा रही है। इसे लेकर सहकारिता मंत्री डॉ. बनवारी लाल को कई बार ज्ञापन भी दिए जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि डॉ. बनवारी लाल उसी विधानसभा क्षेत्र से विधायक हैं जिसमें मास्टर नेकीराम का गांव जैतड़ावास भी आता है। इसके बावजूद भी ये मांगे पूरी न होना आश्चर्यजनक है। उन्होंने मांग करते हुए कहा कि इस मामले में मंत्री डॉ. बनवारी लाल को राजनीति से ऊपर उठकर गंभीरता दिखानी चाहिए और सीएम मनोहर लाल से मास्टर नेकीराम के नाम पर सरकारी सम्मान जल्द घोषित कराना चाहिए।

# दुबई व शारजहा क्रिकेट मैच पर सट्टा लगाते हुए 03 आरोपी गिरफ्तार

सिटी 24 न्यूज/निकिता माधोगड़िया

**रेवाड़ी।** पुलिस अधीक्षक रेवाड़ी दीपक सहारन के दिशा निर्देश पर व उप पुलिस अधीक्षक रेवाड़ी संजीव बल्हारा के नेतृत्व में कार्य करते हुए अपराध शाखा-III रेवाड़ी इंचार्ज निरीक्षक अनिल कुमार की टीम ने दुबई कैपीटल व शारजाह वारियर क्रिकेट मैच पर सट्टा लगाने के मामले में 03 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जांचकर्ता ने बताया कि अपराध शाखा-III रेवाड़ी की टीम को सूचना मिली कि हरीश पुत्र प्रहलाद निवासी उत्तम नगर रेवाड़ी अपने ही मकान में बने कमरे में अन्य दो लङको के साथ मिलकर दुबई कैपिटल व शारजाह वारियर के क्रिकेट मैच पर सट्टा लगा रहे है। जिस सूचना पर तुरंत रेडिंग पार्टी तैयार करके बताए हुए स्थान पर पहुंच कर साथी मुलाजमान की मदद से 03 आरोपियों काबू करके उनसे नाम पता पूछा तो उन्होंने अपना नाम हरीश पुत्र प्रहलाद निवासी उत्तम नगर रेवाड़ी, संदीप उर्फ सन्नी निवासी नोहटा चौक पटौदी, गुरुग्राम व मन्दीप पुत्र मदन निवासी गांव बधावड जिला हिसार हाल किरायेदार उत्तम नगर रेवाडी बतलाया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 01 लैपटॉप, 01 अडैप्टर व 10 मोबाइल फोन बरामद किए है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ थाना माडल टाऊन रेवाड़ी में जुआ अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

# न्यायिक परिसर में 9 मार्च को लगेगी राष्ट्रीय लोक अदालत : सीजेएम

सिटी 24 न्यूज/निकिता माधोगड़िया



**रेवाड़ी।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से शनिवार 9 मार्च को रेवाड़ी स्थित न्यायिक परिसर सहित बावल व कोसली में भी राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। परिवादी राष्ट्रीय लोक अदालत में आपसी सुलह व समझौते के आधार पर स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से केस का निपटारा करा सकते हैं। सीजेएम एवं जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण की सचिव वर्षा जैन ने जानकारी देते हुए बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में बैंक लोन से संबंधित मामले, मोटर एक्सीडेंट, एनआई एक्ट, फौजदारी, रेवेन्यू, वैवाहिक विवाद का निपटारा किया जाएगा। उन्होंने बताया कि न्यायालय में लंबित मामलों को परस्पर सहयोग व सौहार्दपूर्ण माध्यम से निपटाने के लिए राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाता है। उन्होंने बताया कि यदि किसी व्यक्ति का कोई मामला न्यायालय में लंबित है तो वह राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से उसका निस्तारण करा सकता है। उन्होंने बताया कि लोक अदालत में दोनों पक्षों की आपसी सहमति व राजीनामे से सौहार्दपूर्ण वातावरण में पक्षकारों की रजामंदी से विवाद निपटाया जाता है। इससे शीघ्र व सुलभ न्याय, कहीं कोई अपील नहीं, अंतिम रूप से निपटारा, समय की बचत जैसे लाभ मिलते हैं।

City24News
शहर आपका, खबर आपकी

# संपादकीय

## आसानी से मिले इंसाफ

सुप्रीम कोर्ट की 75वीं वर्षगांठ पर आयोजित समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का रविवार को यह कहना मायने रखता है कि 'ईज ऑफ जस्टिस हर भारतीय नागरिक का अधिकार है'। मतलब यह सुनिश्चित करने से है कि सभी नागरिकों को न्याय सहज सुलभ महसूस हो। वह आसानी से मिले।

**बड़ा कदम:** केंद्र सरकार और सुप्रीम कोर्ट दोनों की ही तरफ से हाल के दिनों में ऐसे कई कदम उठाए गए हैं, जो इस लक्ष्य की ओर आगे बढ़ने में मददगार हो सकते हैं। जैसा कि खुद प्रधानमंत्री ने भी जिक्र किया औपनिवेशिक दौर के पुराने पड़ चुके कानूनों की जगह भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, भारतीय न्याय संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम जैसे नए कानून लाना बड़ा कदम है। हालांकि ये कानून अभी लागू नहीं हुए हैं और इनसे जुड़े कुछ पहलुओं पर पुनर्विचार की जरूरत भी महसूस की जा रही है, लेकिन फिर भी इस कदम की अहमियत को कम करके नहीं आंका जा सकता।

**डिजिटाइजेशन पर जोर:** सुप्रीम कोर्ट की अगुआई में पिछले कुछ समय से न्यायपालिका में डिजिटाइजेशन पर खासा जोर दिया जा रहा है। इसी क्रम में ईकोर्ट्स मिशन के तीसरे फेज को भी मंजूरी मिल गई है, जिसमें कोर्ट के रिकॉर्ड्स के डिजिटाइजेशन समेत कई और क्षेत्रों में तकनीक का इस्तेमाल बढ़ाने का इरादा है।

**लंबित पड़े मुकदमे:** इन कदमों की अहमियत को स्वीकार करते हुए भी यह कहना जरूरी है कि 'ईज ऑफ जस्टिस' से जुड़े कुछ अन्य बेहद अहम पहलू हैं, जिन पर ध्यान देने की जरूरत है। सबसे बड़ा मसला है अदालतों में लंबित पड़े मुकदमों का। 2023 में पेंडिंग केसों की संख्या 5 करोड़ को पार कर गई। इनमें 1,69,000 मुकदमे ऐसे हैं, जो 30 साल से भी ज्यादा समय से हाईकोर्टों और जिला कोर्टों में लंबित हैं।

**जजों के खाली पद:** सुप्रीम कोर्ट में जजों के खाली पद भरने का काम हुआ है, लेकिन हाईकोर्टों में अभी भी काफी पद खाली पड़े हैं। डिपार्टमेंट ऑफ जस्टिस की वेबसाइट पर उपलब्ध आंकड़ों के मुताबिक (1 जनवरी 2024 को) देश के सभी 25 हाईकोर्टों में जजों के कुल 1,114 पद मंजूर हैं, लेकिन इन कोर्टों की मौजूदा वर्किंग स्ट्रेंथ 784 है। यानी हाईकोर्टों में जजों के 330 पद खाली हैं।

**जुडिशरी और सरकार में रस्साकशी:** ऐसे में जजों की नियुक्ति को लेकर सुप्रीम कोर्ट और सरकार के बीच खींचतान की खबरें खास तौर पर परेशान करती हैं। कलीजियम सिस्टम की कमियों पर काफी बात हो चुकी है, इसमें भी दो राय नहीं कि जितनी जल्दी हो सके जजों की नियुक्ति की बेहतर व्यवस्था लाई जानी चाहिए, लेकिन जब तक ऐसा नहीं होता है तब तक सभी पक्षों का यह सुनिश्चित करना जरूरी है कि मौजूदा व्यवस्था के सुचारू संचालन में कोई अतिरिक्त अड़चन न डाली जाए। इसके बगैर ईज ऑफ जस्टिस की बातों का व्यवहार में शायद ही कोई मतलब निकले।

## किसान 100 रुपये में नैनो यूरिया स्प्रे करवाने के लिए 15 फरवरी तक करें आवेदन : उपायुक्त

**सिटी 24 न्यूज/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** रासायनिक उर्वरकों का इस्तेमाल कम करने और प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रदेश सरकार किसानों को आधी कीमत पर नैनो तरल यूरिया देगी। सरकार की इस योजना का लाभ लेने के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 15 फरवरी 2024 है। उपायुक्त धीरेन्द्र खड़गटा ने जानकारी देते हुए बताया कि स्कीम के तहत नैनो की बोतल 100 रुपये में दी जाएगी तथा बाकि खर्च राज्य सरकार द्वारा वहन किया जाएगा। इतना ही नहीं है खेत में ड्रोन व अन्य माध्यम से छिडक़ाव का प्रबंध भी किया जाएगा। उन्होंने बताया कि रासायनिक उर्वरकों के ज्यादा प्रयोग से मिट्टी की उर्वरता में गिरावट आती है। फसल व सब्जियों में इसका प्रभाव आता है नाइट्रोजन युक्त उर्वरक मिट्टी की उपजाऊ शक्ति को कम करते हैं यह पीएच व पोटेशियम उर्वरक पोषक तत्वों के संतुलन को बिगाड़ देते हैं। उन्होंने बताया कि नाइट्रोजन ऑक्साइड जो अन्य वायुमंडलीय गैसों के साथ मिलकर इसमें योगदान करते हैं इससे वायु प्रदूषण भी होता है। उन्होंने बताया कि किसानों को मेरी फसल मेरा ब्यौरा https://fasal.haryana.gov.in/ पोर्टल के पंजीकरण विवरण के साथ ही https://agriharyana.gov.in/nanofertilizer पोर्टल पर भी नैनो यूरिया के लिए आवेदन करना होगा

## सरसों में सफेद रतुआ के नियंत्रण के लिए मैनकोजेब का करें छिड़काव : उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा



**सिटी 24 न्यूज/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने बताया कि सफेद रतुआ सरसों में फंगस के कारण होने वाली बीमारी है। इसके लक्षण आरंभ में पत्तों पर नजर आते हैं। पत्तों के नीचले भाग में सफेद धब्बे से दिखाई देते हैं तथा सफेद पाउडर सा बन जाता है। इस प्रकार के लक्षण दिखाई देने पर समय रहते उपाय कर नुकसान से बच सकते हैं। लगातार धुंध और कोहरे के मौसम का बने रहना और पौधों को सूर्य की समुचित रोशनी का न मिलना प्रकाश संश्लेषण की प्रक्रिया को बाधित करता है जिससे फफूंद जनित बीमारियों के आक्रमण की संभावनाएं रहती हैं। उन्होंने बताया कि इसमें पौधों के पततियों और तनों पर सफेद या पीले क्रीम रंग के कील से नजर आते हैं जो कि पत्तों से शुरू होकर तने से फूलों तक फैल जाते हैं परिणामस्वरूप तने, फूल और फलियां बेढंग के आकार के और टेढ़े मेढे हो जाते हैं जिसका फसल की पैदावार पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है और पैदावार घट जाती है। यह ज्यादातर पछेती बीजी गई फसलों में होता है तथा अगेती बिजाई गई फसलों में इस बीमारी का असर बहुत कम देखने को मिलता है। इस मौके पर कृषि एवं कल्याण विभाग के उपनिदेशक डॉ विरेंद्र देव आर्य ने बताया कि सरसों में सफेद रतुआ के नियंत्रण के लिए 600 ग्राम मैनकोजेब (डाइथेन या एंडोफिल एम-45) को 250-300 लीटर पानी में मिला कर प्रति एकड़ की दर से 15 दिन के अंतर पर 3-4 बार छिड़काव कर दे। फफूंदनाशक का छिडक़ाव कृषि मौसम विभाग द्वारा जारी मौसम पूर्वानुमान को ध्यान में रखकर ही करें। इसके साथ-साथ किसान छिडक़ाव करने से पहले ये सुनिश्चित अवश्य करें की जिस स्प्रेयर से छिडक़ाव करना चाहते हैं वो किसी खरपतवारनाशी के लिए प्रयोग ना किया हुआ हो। अगर कहीं तना गलन की समस्या हो तो 0.1 प्रतिशत कार्बन्दाजिम का छिडक़ाव करें।

# नूंह में इको फेस्ट जैसे कार्यक्रम होते रहना चाहिए : डॉ राजेंद्र सिंह

### कैवल्या एजुकेशन फाउंडेशन के द्वारा इको फेस्ट जिला कार्यक्रम का आयोजन



**सिटी 24 न्यूज/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** जीएमएमएस स्कूल बीवा में कैवल्या एजुकेशन फाउंडेशन द्वारा टाटा कम्युनिकेशन के सहयोग से न्यू एजुकेशन वर्ल्डवाइड के अंतर्गत इको फेस्ट का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण शिक्षा को बढ़ावा देना, इको क्लब के द्वारा बनाए गए मॉडल का प्रदर्शन था । मुख्य अतिथि के रूप में वाटर मैन ऑफ इंडिया डॉ राजेंद्र सिंह के साथ जिला शिक्षा अधिकारी परजीत चहल, सुखवीर सिंह जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी, जिला एफएलएन संयोजिका कुसुम मलिक एवं टाटा कॉम्युनिकेशंस के सी एस आर ग्लोबल हेड पल्लवी बरुआ, कोर टीम मेंबर अक्षत शुक्ला, सीनियर प्रोग्राम मैनेजर नरेंद्र शर्मा उपस्थित रहे द्व डॉक्टर राजेंद्र सिंह ने बच्चों से बात की तथा उनके द्वारा बनाई गई पर्यावरण आधारित मॉडल मॉडलों का अवलोकन किया तथा उनसे आग्रह किया जल संरक्षण के साथ-साथ अपने ज्ञान का उपयोग पर्यावरण के बचाव के लिए करें तथा यहां के लोगों के हित में कार्य करें द्व उन्होंने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम जिले के सभी गांव में आयोजित किए जाएं तथा लोगों में पर्यावरण शिक्षा की प्रति जागरूकता लाने का सार्थक प्रयास करना चाहिए।

जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि कैवल्या फाउंडेशन ने शिक्षा विभाग एवं जिला प्रशासन के सहयोग यह कार्यक्रम करवाया गया है जिसमे जिले के सरकारी स्कूलों के बच्चो ने इको क्लब के अंतर्गत बनाए गए मॉडल प्रदर्शित किये है जिनके द्वारा पर्यावरण शिक्षा के प्रति बच्चों को जागरूक किया जा रहा है द्व कार्यक्रम सयोजक डॉ पवन यादव ने कहा कि बच्चो ने पर्यावरण आधारित सकिट, मॉडल प्रदर्शनी, रंगोली एवं पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिताएं मे भाग लेकर पर्यावरण शिक्षा का संदेश दिया द्व माया वर्मा और डॉ जितेंद्र ने फोल्डस्कोप द्वारा सूक्ष्म जीवो का अध्ययन के लिए उपयोगिता , को समझाया विजेंद्र कुमार, राकेश कुमार, और शरद सौभ्यगम ने लौ-कॉस्ट साइंस एक्सपेरिमेंट का प्रदर्शन किया द्व कैवल्य एजुकेशन फाउंडेशन की ओर से जिले में चलाए जा रहे शिक्षा एवं सस्टेनेबिलिटी संबंधी कार्यों को भी प्रदर्शित किया गया साथ ही जिले में कार्यरत सस्टेनेबिलिटी से संबंधित गांधी फेलोज ने अपनी गतिविधियों को प्रदर्शनी के माध्यम से बताया कार्यक्रम में जिले से विभिन्न सेल्फ हेल्प ग्रुप ने अपने हाथ सेल के उत्पादों की प्रदर्शनी लगाई साथी मिट्टी के बर्तन बनाने वाले अपने चाक द्वारा अपने हुनर का प्रदर्शन किया बच्चों ने पर्यावरण संबंधी खेल एवं गतिविधियों में भरपूर रुचि ली तथा सांप सीढ़ी का खेल खेल और पर्यावरण संरक्षण का प्रण लिया द्व मंजीत वर्मा ने पर्यावरण प्रदर्शनी को सफलता पूर्वक करवाने मे सक्रिय भूमिका निभाई द्व कार्यक्रम मे मंच संचालन डॉ संजय और किरण यादव ने सफलतापूर्वक किया द्व कार्यक्रम में भाग लेने वाले सभी विद्यार्थियों एवं अध्यापकों को प्रशिसति-पत्र देकर सम्मानित किया गया द्व

टाटा कम्युनिकेशन से पलवी बरुआ, अंकित रस्तोगी, अक्षत शुक्ला, तबरेज सिद्दीकी, श्री विद्या, मेहा बंसल, सीनियर प्रोग्राम मैनेजर नरेंद्र शर्मा, रोहन सैनी, प्रोग्राम मैनेजर रियाज मीर, पी एल शशांक त्रिवेदी, हिंदू स्कूल प्राचार्य पृथ्वी सिंह, सुभाष, गिरधारी लाल, प्रवीण कुमार, विजय लक्ष्मी, डॉ रेखा, दीपक टुंगल गांधी खेलों से शैलेंद्र कुमार, बाबुल कुमारी, दिनेश , शाहीन उल्ला, विकास, ऋषि, विनय, अमोल, पवन, अनमोल, रूपेश, नीलम, अमृता, मुबाशिरा करुणा फेलो से सना खातून, हसीना, शबाना, खालिदा, अकरम, फरहीन, रीना, अफसरी आदि अध्यापक एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण महिला, बच्चे और पुरुष उपस्थित रहे।

# देश गांधी विचारधारा से चलेगा, गोडसे विचारधारा जहरीली : महताब अहमद



**सिटी 24 न्यूज/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** पीसीसी सदस्य महताब अहमद ने मंगलवार को जिला कॉंग्रेस मुख्यालय नूंह पर कॉंग्रेस कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 76 वीं पुण्यतिथि पर खिराज ए अकीदत पेश की। उन्होंने महात्मा गांधी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गांधी की विचारधारा ना केवल भारत ब्लकि विश्व भी सम्मान करता है। भारत देश गांधी विचारधारा से ही चलेगा क्योंकि वो सभी को साथ लेकर चलने में यकीन रखते थे जबकि नाथूराम गोडसे की विचारधारा जहरीली है जिससे समाज को हर हाल में बचना चाहिए। कॉंग्रेस नेता महताब अहमद ने कहा कि देश साल देश 30 जनवरी को महात्मा गांधी की पुण्यतिथि शहीद दिवस के रूप में मनाता है। 30 जनवरी 1948 को नाथूराम गोडसे ने गांधी को गोली मार दी थी। गोडसे ने दिल्ली के बिड़ला हाउस में प्रार्थना सभा के लिए जाते हुए गोली मार दी उस समय वो 78 वर्ष के थे। उन्होंने कहा कि भारत की विरासत में महात्मा गांधी की उल्लेखनीय भूमिका ने हमेशा भारतीय नागरिकों को स्वदेशी और आत्मनिर्भरता के मार्ग पर चलकर देश को आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रेरित किया है। महात्मा गांधी ने ब्रिटिश औपनिवेशिक शासन के खिलाफ भारत के स्वतंत्रता संग्राम में एक उल्लेखनीय, महत्वपूर्ण और अविस्मरणीय भूमिका निभाई। उनके नेतृत्व, दर्शन और अहिंसक प्रतिरोध के तरीकों का भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन पर गहरा प्रभाव पड़ा।

महताब अहमद ने कहा कि शहीद दिवस भारत की स्वतंत्रता के लिए महात्मा गांधी के अथक प्रयासों और अंतिम बलिदान की याद और खिराज ए अकीदत के दिन के रूप में अत्यधिक महत्व रखता है। यह दिन अहिंसा, सत्य और न्याय के उन मूल्यों को भी दर्शाता है जिनका गांधी ने जीवन भर पालन किया। 30 जनवरी की तारीख को उन शहीदों के सम्मान के रूप में भी मनाया जाता है जिन्होंने देश के लिए अपना बलिदान दिया। कॉंग्रेस नेता महताब अहमद ने कहा कि भारत की नियति को आकार देने में गांधी की भूमिका और विश्व मंच पर उनका प्रभाव उन्हें इतिहास में एक अविस्मरणीय व्यक्ति बनाता है, जो न्याय और स्वतंत्रता की खोज में नैतिक साहस और अहिंसक प्रतिरोध की शक्ति का प्रतीक है।

इस दौरान कॉंग्रेस इकाइयों के स्थानीय पदाधिकारियों सहित शरीफ अड़बर, हाजी नईम, आसू पार्षद, सोराब सरपंच मालब, आमिल चैयरमेन सालाहेड़ी, परवीन चैयरमेन, साजिद सरपंच सलम्बा, नजाकत सरपंच रेहना, तारीफ सरपंच बड़वा, सुक्खी चैयरमेन आल्दुका, चौ० सपात मेवली, वहीद सलम्बा, लियाकत सालाहेड़ी, साबिर सरपंच मालब, इल्यास लीडर सालाहेड़ी, जक्की सलम्बा, उस्मान सरपंच खानपुर, फारुख बड़ेलाकि, अय्यूब आकेड़ा, समसू ठेकेदार रेहना, अशरफ सरपंच घासेड़ा, जुबैर घासेड़ा, तैय्यब सरपंच मेवली, रहमान कौराली, शहीद वकील आकेड़ा, मकसूद शिकरावा, तैय्यब सरपंच खेड़ला, मुबीन तेड, फराहीम दिहाना, असगर नगीना, शहजाद रेवासन, लहरू सरपंच धुलावट, सद्दीक सरपंच चीला, रमजान सरपंच सबरस, हाजी गुड्डू फ़िरोजरपुर नमक, यूसुफ फरदरी, शाहिद पतरिया, आफाक एनएसयूआई, शमीम रहनिया, नसीम चंदैनी, अल्ताफ धांधूका, आजाद नलहड़, भूरी नूंह सहित अन्य कांग्रेस जन मौजूद रहे।

# शब्द-यात्रा की राममय अबू-धाबी, दुबई यात्रा




**सिटी 24 न्यूज**

**फरीदाबाद।** 22 जनवरी भारत के लिए ही ऐतिहासिक दिन नहीं था, उस दिन शब्द-यात्रा समूह ने अबू धाबी में अंतरराष्ट्रीय साहित्यिक सम्मेलन का आयोजन कर उस विदेशी धरती को भी राममय कर दिया। संस्था की अध्यक्ष शारदा मित्तल तथा सचिव महासचिव प्रीति मिश्रा ने इस कार्यक्रम की सफल परिकल्पना की थी जिसमें भारत के विभिन्न प्रदेशों से 70 से अधिक लोगों ने भाग लिया। दीप प्रज्वलन के साथ डा.मीनाक्षी पाण्डेय के मंत्रोच्चार ने सभागार को सनातन की पावन स्वर लहरियों से भर कर दिया। डा. विजया गोड़बोले, डा.मीनाक्षी पाण्डेय वीणा अग्रवाल, पराग शर्मा, आभा सिंह, ज्योति श्रीवास्तव, कांति मिश्रा तथा कृष्णा आर्य ने राम स्तुति से कार्यक्रम का शुभारंभ किया। बहुत से लोगों ने श्रीराम पर कविताएं पढ़ीं। डॉ पल्लवी मिश्रा ने सभी का स्वागत नमामि नमामि नृत्य के द्वारा किया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता रिटायर्ड आई. ए. एस. ऑफिसर श्री एस. के. सिंह ने की। इस आयोजन में कुछ प्रवासी भारतीय भी शामिल हुए। कार्यक्रम का समापन ठुमक चलत रामचंद्र ... नृत्य नाटिका से हुआ, जिसमें डॉक्टर विजया गोडबोले (देव) जी ने गायन प्रस्तुत किया और नृत्य प्रस्तुति करने वाले कलाकार थे - मिनी गुप्ता, चारू अग्रवाल, बेबी कषिका अग्रवाल जिसकी की आयु मात्र 2 वर्ष की थी। उसने नृत्य के साथ जब घुटनों चलकर मां कौशल्या की ओर कदम बढ़ाए तो दर्शन आत्म विभोर हो गए। राम लला का अयोध्या में आगमन संयुक्त अरब अमीरात की धरती पर कुछ इस तरह से मनाया मानो पूरा विश्व हमारे साथ इस उत्सव में शामिल हो। 26 जनवरी को समूह के कई सदस्य दुबई स्थित भारतीय दूतावास गये और उन्होंने ध्वजारोहण में उत्सव में भाग लिया। कार्यक्रम में साहित्य सरोकार के अंतर्गत श्री राजपाल यादव, डॉक्टर कृष्णा कुमारी यादव, कमलेश कुमार पांडे, सोनिया, निर्मल सिंह, डॉक्टर पुनीत चंद्र, प्रीति मिश्रा, वेदिका गोयल, आर के सिंह, पल्लवी मिश्रा, डॉ मीनाक्षी पांडे, डॉ पराग शर्मा, डॉ अनिरुद्ध पांडे, मुदिता गर्ग, शारदा मित्तल, वीणा अग्रवाल, डॉ मुकेश गंभीर जी ने अपनी प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम के अध्यक्ष सुरेश कुमार सिंह जी - प्रेसिडेंट अउआ ने शब्द यात्रा पर एक शानदार व्याख्यान दिया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री अतुल गर्ग, सीईओ एवं एम. डी. जिफको, जॉर्डन से पधारे। इस अवसर पर एक सामूहिक गीत - तू जिंदा है तो जिंदगी की जीत पर यकीन कर - श्रीमती मुदिता गर्ग के नेतृत्व में वासुदेव यादव, राजपाल यादव, डॉक्टर पराग शर्मा, मिनी गुप्ता, नवीन चंद्र, कमलेश कुमार पांडे, उषा अग्रवाल और सुरभि बर्मन ने प्रस्तुत किया। इन कार्यक्रमों में डायरेक्टर रेडियो बूज़ मुकेश गंभीर विशिष्ट अतिथि, वरिष्ठ कवयित्री श्रीमती वीणा अग्रवाल सारस्वत अतिथि तथा अभिव्यक्ति से मुदिता गर्ग ने भी अध्यक्षता की। कार्यक्रम में कुछ विद्वान लेखकों की पुस्तकों का विमोचन भी हुआ। डॉक्टर मीनाक्षी पांडे की पुस्तक - भर्त्रहरि एवं धनराज के शतकत्रयों का तुलनात्मक एवं समीक्षात्मक विमर्श, प्रीति मिश्रा की पुस्तक - लडक़ी इश्क में डूबी नजर आती है, मुदिता गर्ग की पुस्तक - स्वच्छंद सहचर एवं अन्य कविताएं, अतुल गर्ग की पुस्तक - घोड़े का मति भ्रम तथा डॉ मुकेश गंभीर पर केंद्रित टू मीडिया के जनवरी से मार्च 2024 विशेषांक का विमोचन भी हुआ। शब्द-यात्रा का यह सफर भविष्य में भी जारी रहेगा, इसके लिए शारदा मित्तल और प्रीति मिश्रा दृढ़ संकल्प हैं।

## व्यवसायिक मार्गदर्शन सप्ताह

**सिटी 24 न्यूज/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** रोजगार विभाग द्वारा 29 जनवरी से 02 फरवरी तक व्यवसायिक मार्गदर्शन सप्ताह मनाया जा रहा है। इसके अन्तर्गत जिले के 10 विद्यालयों में छात्रों को विभिन्न क्षेत्रो में रोजगार के अवसरों व व्यावसायिक कोर्सो के सन्दर्भ में जानकारी दी जाएगी। इसका शुभारम्भ राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, फिरोजपुर झिरका से किया गया। जिला रोजगार अधिकारी एस. एस. रावत ने छात्रों का मार्गदर्शन करते हुए कहा गया कि जीवन में सफलता प्राप्त करने हेतु लक्ष्य निर्धारित करते हुए सतत प्रयास आवश्यक है। जो व्यक्ति अपने लक्ष्य को प्राप्त करने में लग्न व मेहननत से जुटे रहते है। उन्हें सफलता अवश्य मिलती है। अत: सभी छात्रों को पूरी लग्न व मेहनत से लक्ष्य प्राप्त करने के लिए प्रयास करने चाहिए। औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, फिरोजपुर झिरका से रविन्द्र जीआई द्वारा भी छात्रों को आई.टी.आई. में उपलब्ध कोसों बारे में जानकारी दी गई तथा स्वरोजगार के प्रति छात्रों को जागरूक किया गया। इस सात्र में स्वरोजगार हेतु सरकार की विभिन्न योजनाओ बारे भी जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम के तहत आज राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, मालब व आकेड़ा के सत्र आयोजित किए गए। इनमें ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान के डायरेक्टर द्वारा भी संस्थान द्वारा चलाए जा रहे कोर्सो बारे जानकारी दी गई।

## दिग्विजय 01 फरवरी फिरोज़पुर झिरका व 2 को पुन्हाना का करेंगे दौरा




**सिटी 24 न्यूज/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** जेजेपी प्रधान महासचिव दिग्विजय सिंह चौटाला जिला नूंह में दो दिवसीय दौरे पर रहेंगे। इसके तहत 1 फ़रवरी फ़िरोज़पुर झिरका व 2 फ़रवरी पुन्हाना विधानसभा क्षेत्रों के दर्जनों गावों का दौरा करेंगे। जिला प्रवक्ता नासिर हुसैन ने बताया कि आगामी दिग्विजय सिंह चौटाला के प्रोग्रामों को लेकर ज़िलाध्यक्ष जान मोहम्मद की अध्यक्षता में जेजेपी पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं की बड़कली पार्टी कार्यालय पर मीटिंग की गई। जिसमें कार्यक्रम की सफलता के लिए रूपरेखा तैयार की गई।यह निर्णय भी किया गया कि सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं के साथ आम लोगों को कार्यक्रम की सूचना देकर आने की अपील की जाए। जिला प्रवक्ता नासिर हुसैन बदरूद्दीन अड़बर ने बताया कि उपरोक्त मीटिंग में ज़िलाध्यक्ष अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ आरिफ़ तेड़,युवा ज़िलाध्यक्ष वसीम अहमद सरपंच,महिला सेल ज़िलाध्यक्ष नफ़ीसा खान,प्रदेश सचिव हाजी सिराजूद्दीन सिराज,हल्का अध्यक्ष आस मोहम्मद,हल्का अध्यक्ष पुन्हाना सिराजूद्दीन, युवा हल्का अध्यक्ष इक़बाल दूलौत ,युवा हल्का अध्यक्ष जावेद खान जोगीपुर ,युवा हल्का अध्यक्ष सद्दाम हुसैन नई ,ज़िला उपाध्यक्ष आफ़ताब अहमद ,आज़ाद भदूर ,कार्यालय सचिव सलमान खान ,अकबर लहरवाडी़ आदि मौजूद रहे।

## मेवात में सनातन धर्म का झण्डा बुलंद कर रहे हैं यहां के पाण्डवकालीन: अरुण



**सिटी 24 न्यूज/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** श्री रामलला की अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के प्रमुख 15 यजमानों में शामिल एवं जिला के समीपवर्ती गांव सोंध(पलवल) निवासी 52 पाल के प्रमुख चौधरी अरुण जैलदार ने मंगलवार जिला के नल्हेश्वर, राधा-कृष्ण मंदिर गांव सिंगार व झिर मंदिर फिरोजपुर झिरका में अपने साथियों संग पहुंचकर पूजा अर्चना की। इस मौके पर उनके साथ उनकी धर्मपत्नी अर्चना चौधरी भी मौजूद रही। अरूण जैलदार की माने तो मेवात में पाण्डवकालीन मंदिर इस क्षेत्र का इतिहास समेटे हुए है। इस मौके पर उनका गर्मजोशी से स्वागत किया गया। इस मौके पर डॉक्टर रवि ठाकरान, डॉक्टर महेंद्र सौंध, सूरज पांडे हथीन, उदयवीर होडल,नरेश सिंगल पिनगवा, श्यामसुंदर पिनगवा, राजू शर्मा ,देवेंद्र सैनी,सरदार गुरूचरण सिंह मलिक, एडवोकेट पंकज गुप्ता, नेहा सिंह, राहुल बघेल,चिराग,रजत गुप्ता,अनिता, कीर्ति वकील, रश्मि,रेखा, मुनेश, गौतम सोनी, संजय आदि भी मौजूद रहे।

## हरियाणा श्रम विभाग श्रमिकों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध : उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा

**सिटी 24 न्यूज/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने कहा कि श्रम एवं रोजगार मंत्रालय द्वारा असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के कल्याणार्थ शुरू की गई नई पहल ई-श्रम पोर्टल को हरियाणा में मजबूती से लागू किया जा रहा है। इसके तहत श्रम विभाग ने असंगठित क्षेत्र के मजदूरों का पंजीकरण फिर से शुरू किया है। उन्होंने कहा कि हरियाणा श्रम विभाग श्रमिकों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। असंगठित क्षेत्र के अंतर्गत कृषि, मजदूर, रेहड़ी-पटरी वाले, घरेलू कामगार और निर्माण श्रमिक आदि आते हैं। यह डिजिटल प्लेटफॉर्म असंगठित श्रमिकों को कल्याणकारी योजनाओं से जोडने. के लिए बनाया गया है। उपायुक्त ने जानकारी देते हुए बताया कि ई-श्रम पोर्टल केवल एक डिजिटल मंच नहीं, बल्कि यह असंगठित कामगारों के जीवन स्तर में व्यापक सुधार लाने की एक पहल है। अभी असंगठित श्रमिकों को बहुत सी परेशानियों का सामना करना पड़ता है, इसलिए उन्हें ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकरण के माध्यम से जोड़ा जा रहा है ताकि वे सरकार द्वारा दी जा रही योजनाओं का लाभ ले सकें। उन्होंने सभी असंगठित श्रमिकों से आह्वान किया कि वे ई-श्रम पोर्टल पर अपना पंजीकरण जल्द से जल्द करवाना सुनिश्चित करें। श्रम विभाग द्वारा हरियाणा के सभी जिलों में ई-श्रम पोर्टल पर असंगठित कामगारों के पंजीकरण के लिए एक विशाल अभियान चलाया जा रहा है, जिसके माध्यम से प्रत्येक पंजीकृत श्रमिक को 12-अंकीय यूनिवर्सल खाता संख्या (यूएएन) दिया जाएगा जो श्रमिक के पूरे जीवनकाल के लिए वैध होगा। साथ ही श्रमिकों का कौशल मानचित्रण भी किया जाएगा जहां श्रमिक अपने हुनर की पूरी जानकारी रजिस्टर करेंगे, जिसकी मदद से नियोक्ता अपनी आवश्यकता अनुसार श्रमिकों को रोजगार प्रदान कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि कोई भी श्रमिक द्दह्यद्धह्ल्ड्डद्ध.द्दश्1.द्धठ्ठ पर स्वयं पंजीकरण कर सकता है या निकटतम सामान्य सेवा केंद्र या सरल केंद्र पर जा सकता है। पंजीकरण के बाद श्रमिक अपनी जरूरत अनुसार स्वास्थ्य, शिक्षा और अन्य सामाजिक सुरक्षा जैसी योजनाओं का लाभ आसानी से ले सकते हैं। अब अप्रवासी श्रमिक भी श्रम विभाग में अपना पंजीकरण अवश्य करायें और विभाग द्वारा दी जा रही सभी योजनाओं का लाभ उठायें।

उपायुक्त ने बताया कि ई-श्रम पोर्टल पर छोटे और सीमांत किसान, खेतिहर मजदूर, बटाईदार, मछुआरे, पशुपालन के क्षेत्र में शामिल लोग, बीड़ी बनाने वाले, लेबलिंग और पैकिंग, भवन और निर्माण श्रमिक, चमड़े उद्योग के क्षेत्र में शामिल श्रमिक अपना पंजीकरण कर सकते हैं। साथ ही, बुनकर, बढ़ई, नमक श्रमिक, ईट भट्टों और पत्थर खदानों में काम करने वाले श्रमिक, श्रमिक आराघर, घरेलू कामगार, नाई, सब्जी और फल विक्रेता, समाचार पत्र विक्रेता, रिक्शा चालक, ऑटो चालक, रेशम उत्पादन श्रमिक, टेनरी श्रमिक, स्ट्रीट वेंडर, एमएनजीआरजीए श्रमिक, आशा वर्कर्स, दूध देने वाले किसान, प्रवासी श्रमिक भी ई श्रम पोर्टल पर अपना पंजीकरण करवाना सुनिश्चित करें। श्रम पोर्टल पर पंजीकरण करने की पात्रता मानदंडों के अनुसार श्रमिक की आयु 16-59 वर्ष के बीच होनी चाहिए। वह श्रमिक ईपीएफओ और ईएसआईसी का सदस्य नहीं होना चाहिए और न ही आयकर दाता नहीं होना चाहिए। श्रमिक अपने आधार नंबर, मोबाइल नंबर, आधार लिंक बैंक खाता इत्यादि से अपना पंजीकरण करवा सकते हैं।

# शहर की तर्ज पर हो रहा गांव फतेहपुर बिल्लौच का विकास : नयनपाल रावत

## विधायक ने किया करीब डेढ़ करोड़ के विकास कार्यो का शिलान्यास



**सिटी 24 न्यूज**

**फरीदाबाद।** पृथला विधानसभा क्षेत्र के विधायक नयनपाल रावत ने गांव फतेहपुर बिल्लौच में करीब डेढ़ करोड़ के विकास कार्यो का शिलान्यास किया। इस दौरान श्री रावत ने बस अड्डा से अनाज मंडी तक 78 लाख की लागत से बनने वाली सडक़ व गली, 32 लाख की बस अड्डा से मुख्य जवां रोड तक की सडक़, 38 लाख से बनने वाली जवां मोड से पन्हेड़ा मोड तक सडक़ का शिलान्यास किया। इस मौके पर ग्रामीणों को संबोधित करते हुए विधायक नयनपाल रावत ने कहा कि क्षेत्र के बड़े गांव फतेहपुर बिल्लौच का विकास शहर की तर्ज पर किया जा रहा है, यहां लोगों को बुनयादी सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे है। उन्होंने कहा कि अपने विधायक कार्यकाल के दौरान उन्होंने क्षेत्र के विकास को लेकर भरसक प्रयास किए, हालांकि कोरोना महामारी के चलते दो सालों तक विकास का पहिया थम गया था, लेकिन अब फिर से विकास को गति दी जा रही है, जो विकास कार्य अधूरे रह गए थे, उन्हें पूरा किया जा रहा है और लोगों की सभी समस्याओं को दूर करवाने के लिए प्रयास किए जा रहे है। पूरे क्षेत्र में सडक़ों का जाल बिछाया जा रहा है और सभी सडक़ों का नवीनीकरण का कार्य तेजी से चल रहा है। इस दौरान विधायक नयनपाल रावत ने ग्रामीणों को 11 फरवरी को चंदावली कार्यालय पर आयोजित होने वाले कार्यकर्ता सम्मेलन के लिए निमंत्रण दिया और कहा कि वह इस सम्मेलन में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर क्षेत्र के विकास पर अपने विश्वास की मोहर लगाएं। लोगों की मांग पर विधायक नयनपाल रावत ने गांव में साढ़े 13 लाख की स्ट्रीट लाईट लगवाने की भी घोषणा की। इस अवसर पर सरोज सरपंच, ओमप्रकाश यादव, बाबूलाल चौहान, कृष्ण प्रजापति, खेमचंद सैनी, जयपाल चौधरी, योगेश गर्ग, जगदीश, कन्हैया, राजेश, शिवचरण आदि अनेकों गणमान्य लोग मौजूद थे।

# अग्निवीरों की भर्ती कर युवाओं के साथ खिलवाड़ कर रही सरकार : अनिल दूहन



**सिटी 24 न्यूज**

**फरीदाबाद।** सेना में अग्निवीरों की भर्ती को लेकर मंगलवार को युवा कांग्रेस ने सैक्टर-16 स्थित सर्किट हाउस में एक प्रेसवार्ता का आयोजन किया। जिसको भारतीय सेना के रिटायर्ड लेफ्टिनेंट कर्नल अनिल दूहन ने सम्बोधित किया। कॉन्फ्रेंस को उनके साथ युवा कांग्रेस के शहरी उपाध्यक्ष राहुल सरदाना, अक्षय चंदीला, एनआईटी अध्यक्ष मुश्ताक खान युवा कांग्रेस , कोर्डिनेटर इशांत कथूरिया, विरेन्द्र मावी एवं सचिन सैनी ने भी सम्बोधित किया।

लेफ्टिनेंट कर्नल ने बताया कि वर्तमान की भाजपा सरकार ने जो सेना में अग्निवीरों की भर्ती की जो प्रक्रिया शुरू की है, उससे देश के युवाओं का ह्रास हो रहा है। जो सुविधाएं एक सैनिक को मिलनी चाहिए थी, वो इन अग्निवीरों तक नहीं पहुंच पाएंगी। नियमित सैनिक को 15 साल तक पूरा वेतन मिलता है और रिटायरमेंट के बाद उसके परिवार को पेंशन मिलती है। उसे शहीद का दर्जा मिलता है, जोकि अग्निवीरों को नहीं मिलता। आम सैनिक को शहादत पर 75 लाख का इंश्योरेंस मिलता है और 55 लाख रुपए एक्सग्रेसिया राशि मिलती है। इसके अलावा मेडिकल सुविधा, सीएसडी सहित सभी तरह के मिलिट्री बेनेफिट मिलते हैं, लेकिन अग्निवीरों को कोई लाभ नहीं मिलता। इसलिए सरकार नियमित सैनिकों की भर्ती की बजाय अग्निवीरों की भर्ती कर रही है, ताकि सरकार पर आर्थिक बोझ न पड़े। उन्होंने बताया कि अग्निवीरों को डियरनेस अलाउंस, 30 हजार तनख्वाह जिसमें से 9 हजार रुपए सेवा निधि के रूप में काट लिए जाएंगे। ग्रेच्यूटी नहीं मिलेगी, मेडिकल सुविधा लाभ नहीं, पेंशन नहीं, कैंटीन सुविधा नहीं, पूर्व सैनिक का दर्जा भी नहीं, आरक्षित वैकेंसी भी नहीं, बच्चों को किसी प्रकार की छात्रवृतति नहीं। ऐसे बहुत से लाभ जो सरकार समय-2 पर घोषित करती है, इन अग्निवीरों को नहीं मिलेंगे।

रिटायर्ड लेफ्टिनेंट कर्नल ने कहा कि अग्निवीरों की भर्ती कर सरकार देश के युवाओं के साथ छलावा कर रही है। सरकार को सेना में नियमित भर्ती प्रक्रिया को पुनः शुरू करना चाहिए।

# जाट समाज फरीदाबाद करेगा सर छोटू राम जयंती पर प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र व पुरस्कार देकर सम्मानित



**सिटी 24 न्यूज**

**फरीदाबाद।** जाट समाज फरीदाबाद सर छोटू राम जयंती पर 11 फरवरी को हरियाणा शिक्षा बोर्ड एवं केंद्रीय शिक्षा बोर्ड के दसवीं क्लास के जिले के उन सभी छात्र-छात्राओं को प्रशसति पत्र व नगद पुरस्कार देकर सम्मानित करेगा जिन छात्र-छात्राओं ने अपने स्कूल में सर्वाधिक अंक प्राप्त किए हैं। यह जानकारी देते हुए जाट समाज के महासचिव एच.एस. मलिक ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी ऐसे प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को जाट समाज ने सम्मानित करने का फैसला किया है। उन्होंने बताया कि हालांकि सभी निजी तथा सरकारी स्कूलों के प्रबंधकों, मुख्य अध्यापकों तथा मैनेजमेंट के पदाधिकारी को सूचित कर दिया है । उन्होंने आग्रह किया कि यदि फिर भी कोई स्कूल अपने छात्र छात्राओं का नामांकन करने में रह गया है तो वह 2 फरवरी तक अपने छात्र छात्राओं के नाम किसान भवन सेक्टर-16 फरीदाबाद के कार्यालय में दर्ज करा दें। उन्होंने बताया कि नामांकन दर्ज कराते समय छात्र या छात्रा का आधार कार्ड, दसवीं क्लास की मार्कशीट की फोटो कापी तथा स्कूल के मुखिया की ओर से लेटर पैड पर लिखकर भेज दें, ताकि जाट समाज संस्था उनके अनुमोदन को स्वीकार कर सके।

# मारवाड़ी युवा मंच फरीदाबाद द्वारा कड़कती सर्दी में बच्चों को गर्म कपड़े वितरित किए गए

## लोगों की सेवा करने से बड़ा कोई धर्म नहीं गंगा शंकर मिश्र



**सिटी 24 न्यूज**

**फरीदाबाद।** मारवाड़ी युवा मंच फरीदाबाद के द्वारा संत कबीर गीता विद्या मंदिर स्कूल ऑटोपिन तिलक नगर सेक्टर 24 मुजेसर में बच्चों को टोपी,मफलर, जर्सी वितरित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ हरियाणा संपर्क प्रमुख गंगा शंकर मिश्र, विशिष्ट अतिथि संजय अरोड़ा संघचालक पश्चिम नगर एवम् व्यवस्थापक विभाग श्री राम अग्रवाल का अध्यक्ष महेश लोचिब,पूर्व अध्यक्ष विमल खंडेलवाल द्वारा माल एवं दुपट्टे के साथ में स्वागत किया गया। सभी के द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम को आरंभ किया गया। गंगा शंकर जी के द्वारा बताया गया कि इस प्रकार के कार्य मानवता के लिए निरंतर चलाए जाने चाहिए। आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों के साथ समाज सेवा करना सामाजिक उत्थान में मदद करता है और समृद्धि की दिशा में योगदान करता है। इससे समाज में सामंजस्य और सहानुभूति बढ़ती है। इस पुनीत कार्य के लिए मैं मारवाड़ी युवा मैच की पूरी टीम को बधाई प्रेषित करता हूं। संजय अरोड़ा ने बताया कि यह जो बच्चे हैं आसपास की झुग्गियों से लाकर यहां पर इन्हें पढ़ने का कार्य किया जाता है। बच्चों को बेहतर शिक्षा मिल सके। इसके ऊपर हमारा पूरा ध्यान रहता है सामाजिक संगठनों के सहयोग से उनकी मूलभूत आवश्यकताओं का ध्यान रखा जाता है। महेश लोचीब ने बताया कि मारवाड़ी युवा मंच के द्वारा इन्हीं सर्दियों में यह कार्य दूसरी बार किया जा रहा है। मारवाड़ी युवा मंच युवाओं का बहुत बड़ा संगठन है निरंतर मानवता के लिए सदैव तत्पर रहती है। विमल खंडेलवाल ने बताया कि मानवता का कार्य होता है सभी मानवों के साथ समझदारी, सहानुभूति, और न्याय के साथ एक बेहतर समाज बनाना होता है ।लोगों की सेवा मानवता का उच्चतम कार्य है, जिससे सामाजिक समरसता और समृद्धि की दिशा में कदम बढ़ाया जा सकता है। इस कड़ी में यह कार्य किया जा रहे है। आज के कार्यक्रम को सफल बनाने में सेवा भारती के भुवनेश एवम् अध्यापकगण मारवाड़ी युवा मंच फरीदाबाद के अध्यक्ष महेश लोचिब पूर्व अध्यक्ष विमल खंडेलवाल सचिव प्रवीण अग्रवाल, कोषाध्यक्ष नवीन शर्मा,मधुसूदन माटोलिया, एवं समाज के प्रबुद्ध लोग उपर्सथित थे।

# एडीसी आनन्द शर्मा ने कॉमन एरिया लाइटनिंग कैंपेन फॉर रूरल सेक्टर के तहत बंटवाए एलईडी बल्व

**कहा, सरकार का उद्देश्य सार्वजानिक स्थानों पर लगे पारंपरिक प्रकाश बल्ब को बदलकर एल.ई.डी बल्ब को लगाना**



**सिटी 24 न्यूज**

**फरीदाबाद।** एडीसी आनंद कुमार शर्मा ने कॉमन एरिया लाइटनिंग कैंपेन फ़ॉर रूरल सेक्टर के तहत उर्जा संरक्षण गतिविधियों को बढ़ाने, व्यापक जागरूकता फैलाने और ग्रामीण बुनियादी ढांचे में सुधार के लिए जिला के पांच ग्राम पंचायतों को एल.ई.डी बल्ब वितरित किये गये। ये बल्ब जिला के पांच ग्राम पंचायतों अमीपुर, पाली, खंदावली, चांदपुर, कबूलपुर पट्टी के सरपंचो तथा सम्बंधित ग्राम सचिवों को वितरित किये गये। एडीसी आनन्द शर्मा ने कहा कि इन एल.ई.डी बल्ब को देने उद्देश्य स्कूल/ कालेज/ होस्टल/ धार्मिक स्थान/ पार्क/ मंदिर/ गुरुद्वारा/ मस्जिद/ सामुदायिक भवन/ सीएचसी/ पीएचसी/पंचायतघर/ आंगनवडी सेंटर/ गऊशाला/ सार्वजानिक पार्क/रोड जैसे सार्वजानिक स्थानों पर लगे पारंपरिक प्रकाश बल्ब को बदलकर एल.ई.डी बल्ब को लगाना है। ताकि उर्जा संरक्षण किया जा सकें। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायतों को सरकार द्वारा जारी आदेशानुसार यह भी हिदायत दी गई है कि जिन पारंपरिक प्रकाश बल्बों को बदला जाये उन्हें नवीकरणीय उर्जा विभाग के परियोजना अधिकारी, सम्बंधित ग्राम पंचायत के सचिव व ग्राम सरपंच के समक्ष नष्ट किया जाये। इस दौरान विभाग के सहायक परियोजना अधिकारी रविकांत शर्मा, लिपिक अमित कुमार, ग्राम पंचायतो से सरपंच व ग्राम सचिव मौजूद रहे।

# अमित स्वामी तल्वल्कर्स लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित



**सिटी 24 न्यूज/निकिता माधोगड़िया**

**रेवाड़ी।** वर्ल्ड बाडी बिल्डिंग एवं फिसीक स्पोर्टस फैडरेशन के एम्बेसडर एट लार्ज तथा एशियन बाढी बिल्डिंग एवं फिसीक स्पोर्टस फैडरेशन के महानिदेशक रेवाडी निवासी अमित स्वामी को भारत की सबसे बड़ी एवं ख्याति प्राप्त जिम एवं हैल्थ क्लब श्रृंखला तल्वल्कर्स ने लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड भेंट करके सम्मानित किया है। यह सम्मान अमित स्वामी को उनके जन्म दिवस पर 3 जनवरी को मुम्बई में देना तय किया गया था परन्तु अमित स्वामी उस समय एक सामाजिक कार्यक्रम में व्यस्त होने के कारण इस कार्यक्रम में शामिल नहीं हो सके और यह सम्मान तल्वल्कर्स जिम एवं हैल्थ क्लब श्रृंखला के संचालक तथा जाने माने हैल्थ एवं फिटनेस गुरु तथा भारतीय बाडी बिल्डर्स संघ के संस्थापक सदस्य 91 वर्षीय मधुकर विष्णु तल्वल्कर ने अमित स्वामी को ससम्मान रेवाड़ी भिजवा दिया। अमित स्वामी ने यह सम्मान दक्षिणी हरियाणा पुलिस रेंज के पुलिस महानिरीक्षक तथा इसी वर्ष राष्ट्रपति विशिष्ट सेवा पुलिस मैडल से सम्मानित राजेन्द्र सिंह, आई.पी.एस. द्वारा ग्रहण किया। पुलिस महानिरीक्षक ने यह सम्मान भेंट करते हुए अमित स्वामी को हार्दिक शुभकामनाएं दी और उनकी उपलबधि को गौरव का विषय बताया। अमित स्वामी ने भी पुलिस महानिरीक्षक को राष्ट्रपति विशिष्ट सेवा पुलिस पदक (मैडल) से पुरस्कृत किये जाने पर हार्दिक बधाई प्रेषित की। तल्वल्कर्स जिम एवं हेल्थ क्लब वर्ष 1932 में विष्णु तल्वल्कर ने लोगों के लिए एक सुसज्जित उपकरणों के रूप में मुम्बई में स्थापित किया था।

तत्पश्चात उनके सुपुत्र मधुकर विष्णु तल्वल्कर ने जो कि एक हैल्थ एवं फिटनेस के क्षेत्र में सम्मानित गुरु का स्थान रखते हैं ने अपनी लगन व मेहनत से इसे देश की सबसे बड़ी जिम एवं हैल्थ क्लब श्रृंखला के रुप में सम्पूर्ण भारत वर्ष में विस्तारित स्थापित किया और इस क्षेत्र से जुड़े अनेक खिलाड़ियों को प्रशिक्षित कर और अपनी ओर से आर्थिक सहायता भेंट करके उन्हें बाडी बिल्डिंग एवं फिटनेस के क्षेत्र में प्रोत्साहित किया। अमित स्वामी को यह सम्मान उनके गत 25 वर्षों से निरंतर एवं समर्पित भाव से बाडी बिल्डिंग एवं फिटनेस खेल को भारत एवं विश्व भर में प्रोत्साहित, उत्थान, प्रचार एवं प्रसार में उनके असाधारण योगदान के फलस्वरूप भेंट किया गया है। अमित स्वामी ने कहा कि वे यह विशेष सम्मान (पुरस्कार) पाकर बेहद अभिभूत है और भविष्य में भी इसी दृढ़ता और जोश से अपनी प्रयास जारी रखेंगे। अमित स्वामी की इस विशेष उपलबधि पर उनके अभिन्न मित्र डब्लयू डब्लयू ई विश्व चैमपियन, हालीवुड बालीवुड अभिनेता दलीप सिंह राणा (द ग्रेट खली), 6 बार मि० ओलमपिया पदक विजेता इंग्लैंड के डोरियन येटस, वर्ल्ड बाडी बिल्डिंग एवं फिसीक स्पोर्टस फैडरेशन के अध्यक्ष दोतक पाल चुआ एवं अन्य राष्ट्रीय, अर्न्तराष्ट्रीय, खेल, सामाजिक एवं अन्य संगठनों व विभूतियों ने हार्दिक बधाई प्रेषित की है।

# कॉलेज में सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा के प्रति किया जागरूक




**सिटी 24 न्यूज**

**बल्लभगढ़।** मोहना गांव स्थित गवर्नमेंट कॉलेज में मंगलवार को छात्र-छात्राओं को सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा के प्रति जागरूक किया गया। जनवरी-2024 सड़क सुरक्षा अभियान के अंतर्गत प्रिंसिपल डॉ शमशेर सिंह गुलिया के मार्गदर्शन में कॉलेज के छात्र-छात्राओं को यातायात के नियम ,सीट बेल्ट की महत्ता, हेलमेट की उपयोगिता ,सड़क दुर्घटना इत्यादि विषय पर पोस्टर लगाकर जागरूक कराया गया। इससे पहले सड़क सुरक्षा अभियान के तहत 25 जनवरी को शपथ समारोह का आयोजन किया गया। वहीं मंगलवार को प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया द्ध इस प्रतियोगिता का मुख्य विषय सड़क सुरक्षा के नियम थाद्ध प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में योगेश ( बी.कॉम. तृतीय वर्ष ), सचिन तलवार ( बी.एस.सी. प्रथम वर्ष) एवं कोमल (बी.कॉम.प्रथम वर्ष) ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किएद्ध एनएसएस एवं एनसीसी के विद्यार्थियों ने इस अभियान में अहम भूमिका निभाई। इस अवसर पर कॉलेज के अन्य अध्यापकगण भी मौजूद थे। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा एवं यातायात के नियमों का पालन करने के लिए जागरुक एवं प्रोत्साहित किया।

# एकीकृत बागवानी विकास केंद्र सुन्दरह में 9 व 10 फरवरी को लगेगा होट एक्सपो-2024



**सिटी 24 न्यूज/अशोक कौशिक**

**नारनौल।** किसानों को परंपरागत खेती की बजाय बागवानी की तरफ ले जाने के लिए एकीकृत बागवानी विकास केंद्र सुन्दरह में 9 व 10 फरवरी को तीसरी होट एक्सपो (प्रदर्शनी) 2024 का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए उपायुक्त मोनिका गुप्ता ने बताया कि हरियाणा सरकार किसानों की आमदनी बढ़ाने के लिए बागवानी के माध्यम से विभिन्न प्रकार की योजनाओं के माध्यम से अनुदान दे रही है। इस होट एक्सपो में किसान न केवल सरकार द्वारा चलाई जा रही कृषि से संबंधित योजनाओं से रूबरू होंगे बल्कि वे आधुनिक उपकरणों को देख सकेंगे। सरकार जिला में बागवानी क्षेत्र बढ़ाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। इस संबंध में एकीकृत बागवानी विकास केंद्र सुन्दरह की परियोजना अधिकारी एवं विशेष विषय विशेषज्ञ डॉ नेहा यादव ने बताया कि इस दो दिवसीय प्रदर्शनी के दौरान एक हजार से अधिक किसान भाग लेगें। उन्होंने बताया कि जो स्टेकहोल्डर्स प्रदर्शनी के लिए अपनी स्टाल लगाना चाहता है, वह फोन नं 9728714706 तथा 8168368079 पर संपर्क करके अपना रजिस्ट्रेशन करवा सकता है। इसके लिए रजिस्ट्रेशन फीस 2500 रुपए रहेगी।

**ये रहेंगे प्रदर्शनी के मुख्य आकर्षण :** परियोजना अधिकारी एवं विशेष विषय विशेषज्ञ डॉ नेहा यादव ने बताया कि प्रदर्शनी में संरक्षित खेती, खुले क्षेत्र में सब्जी, ऑर्गेनिक खेती व विभागीय स्कीम पर सैमिनार, संरक्षित खेती के प्रकार के प्रदर्शन, हाई वैल्यू वेजिटेबल की खेती के तरीके, मिट्टी रहित मिडीया में हाई वैल्यू वेजिटेबल की पौध तैयार करना तथा एफपीओस प्रगतिशील किसान, सब्जी के बीज, कृषि यंत्र या बागवानी से जुडे फर्म इत्यादि की स्टाल लगाई जाएगी। उन्होंने बताया कि होट एक्सपो (प्रदर्शनी) 2024 स्कूल के लगभग 200 बच्चे भी भाग लेगें।

# महेंद्रगढ़ में नंबरदार एसोसिएशन ने जताया रोष, 6 माह से मानदेय नहीं मिला



**सिटी 24 न्यूज/अशोक कौशिक**

**नारनौल।** महेंद्रगढ़ में नंबरदार एसोसिएशन ने लघु सचिवालय में बैठक कर रोष जताते हुए अपनी मांगों को लेकर उपायुक्त के नाम एक ज्ञापन तहसीलदार मदनलाल शर्मा को सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि नंबरदारों को 6 महीना से मानदेय भत्ता नहीं दिया गया। महेंद्रगढ़ के लघु सचिवालय में मंगलवार को नंबरदार एसोसिएशन की एक बैठक आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता नंबरदार धर्मपाल पायगा ने की। बैठक में नंबरदार धर्मपाल व नंबरदार राजकुमार जांगड़ा खातोदड़ा ने बताया जिला महेंद्रगढ़ के नंबरदारों को मानदेय भत्ता अगस्त माह से नहीं दिया गया है उनका मानदेय भत्ता जल्द से जल्द दिया जाए। बैठक में कहा गया कि नंबरदारों को मानदेय हर महीने समय पर दिया जाए। बैठक में कहा गया कि सरकार को 75 साल वाले नंबरदारों को नहीं हटना चाहिए । नंबरदार के देहांत के बाद पीढ़ी दर पीढ़ी उसके परिवार के सदस्यों को नंबरदार बनाया जाए। उन्होंने सरकार व प्रशासन से मांग की कि प्राइवेट बसों में उनसे किराया वसूला जाता है। इस समस्या का भी समाधान किया जाए ।बैठक के बाद उन्होंने तहसीलदार को उपायुक्त के नाम ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर काफी संख्या में नंबरदार उपर्स्थित रहे।

# भारतीय उच्च शिक्षा में मूल्य एवं गुणवत्ता पर ध्यान केंद्रित हो: डॉ पूर्ण प्रभा

**सिटी 24 न्यूज/अशोक कौशिक**

**नारनौल।** राजकीय महाविद्यालय नारनौल में मंगलवार को एआईएसएचई प्रकोष्ठ, हायर एजुकेशन हरियाणा के सौजन्य से प्राचार्य डॉ पूर्ण प्रभा की अध्यक्षता में जिला स्तरीय आल इंडिया सर्वे फोर हायर एजुकेशन डाटा कैप्चर पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला के संजोजक डॉ सतीश सैनी ने बताया की जिला महेंद्रगढ़ के सभी 118 महाविद्याओं में उच्च शिक्षा गुणवत्ता प्रकोष्ठ चल रहे हैं। इस कार्यशाला में 50 महाविद्यालयों के प्रभारियों ने भाग लिया जिसमे 2022-23 का डाटा एकत्रित करने ने लिए दिशा निर्देश दिए गए एवं उनके सवाल जवाबों का सामाधान किया गया। इस मौके पर प्राचार्य डॉ पूर्ण प्रभा ने बताया कि भारतीय उच्च शिक्षा में मूल्य एवं गुणवत्ता पर ध्यान केंद्रित होगा, तभी विकसित भारत के सपने साकार हो सकतें हैं।वर्तमान में उच्च शिक्षा में गुणवत्तापरक बनाने हेतु और देश में उच्च शिक्षा की स्थिति को प्रस्तुत करने के लिये शिक्षा मंत्रालय ने वर्ष 2010-11 से एक वार्षिक वेब-आधारित ढ्ढस्॥श्व आयोजित करने का लक्ष्य रखा है। इसके तहत शिक्षक, छात्र नामांकन, विभिन्न कार्यक्रम, परीक्षा परिणाम, शिक्षा संबंधी वित्त, बुनियादी ढाँचे जैसे कई मापदंडों पर डेटा एकत्रित किया जा रहा है।शैक्षिक विकास के विभिन्न संकेतक जैसे- संस्थान घनत्त्व, सकल नामांकन अनुपात, छात्र-शिक्षक अनुपात, लैंगिक समानता सूचकांक, प्रति छात्र व्यय की गणना भी ढ्ढस्॥श्व (अखिल भारतीय उच्च शिक्षा सर्वेक्षण) के माध्यम से एकत्र किये गए आँकड़ों के आधार पर की जाएगी।यह शिक्षा क्षेत्र के विकास के लिये सूचित नीतिगत निर्णय लेने और अनुसंधान करने में काफी उपयोगी होगा। इस कार्यशाला में (अखिल भारतीय उच्च शिक्षा सर्वेक्षण) पर मंथन किया गया।एआईएचईएस उच्च शिक्षा से संबंधित क्षेत्रों की एक विस्तृत श्रृंखला को कवर करता है। एआईएचईएस विभिन्न पाठ्यक्रमों और विषयों में नामांकित छात्रों की संख्या, उनके लिंग और सामाजिक पृष्ठभूमि और विभिन्न राज्यों और क्षेत्रों से छात्रों की संख्या पर डेटा एकत्र करता है। सर्वेक्षण संकाय सदस्यों की संख्या और योग्यता, उनके अनुसंधान आउटपुट और उनके प्रशिक्षण और विकास आवश्यकताओं पर भी डेटा एकत्र करता है।एआईएचईएस कक्षाओं, प्रयोगशालाओं, पुस्तकालयों और खेल सुविधाओं सहित उच्च शिक्षा संस्थानों में उपलब्ध बुनियादी ढांचे और सुविधाओं पर डेटा भी एकत्र करता है। सर्वेक्षण संस्थानों के बजट, अनुदान और दान सहित उनके वित्तीय संसाधनों पर जानकारी एकत्र करता है। यह उच्च शिक्षा में अनुसंधान और विकास के लिए सरकार और अन्य एजेंसियों द्वारा प्रदान की गई फंडिंग और सहायता पर डेटा भी एकत्र करता है।इस अवसर पर उप प्राचार्य डॉ जे एस मोर, नोडल अधिकारी डॉ चंद्र मोहन, डॉ मुकेश, कुलसचिव डॉ सत्यपाल सुलोदिया, डॉ विजयदीप गौर, डॉ पलक, डॉ प्रवीण गोरिया, डॉ मनोज राठी उपर्स्थित रहे। अंत में सभी प्रतिभागियों को सर्टिफिकेट से नवाजा गया।

# कार्बन उत्सर्जन कम करने के लिए सामूहिक संकल्प आवश्यक : प्रो.टंकेश्वर कुमार

## पर्यावरण के विषय लेखन के लिए नई पीढ़ी का गंभीर होना जरूरी: अन्नू आनंद

## सेंटर फॉर मीडिया स्टडीज के सहयोग से दो दिवसीय कार्यशाला शुरू



**सिटी 24 न्यूज/अशोक कौशिक**

**नारनौल।** हरियाणा केन्द्रीय विश्वविद्यालय महेंद्रगढ़ के कुलपति प्रोफेसर टंकेश्वर कुमार ने कहा है कि दुनिया में कार्बन उत्सर्जन को कम करने के लिए वैश्विक स्तर पर सामूहिक संकल्प लेने की आवश्यकता है। भारत इस विषय की गंभीरता को समझाता है जिसके परिणामस्वरूप यहां निरंतर कार्बन उत्सर्जन को कम करने की दिशा में प्रयास जारी है। अब समय है कि हम धरती के समक्ष उपलब्ध इस चुनौती को समझे और हाइड्रोजन ईंधन जैसे नए विकल्पों और नई प्रौद्योगिकी के प्रयोग को बढ़ावा दें। यह विचार विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.टंकेश्वर कुमार ने मंगलवार से विश्वविद्यालय के पत्रकारिता एंव जनसंचार तथा पर्यावरण अध्ययन विभाग के संयुक्त प्रयासों से सेंटर फॉर मीडिया स्टडीज के सहयोग से शुरू दो दिवसीय कार्यशाला के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए व्यक्त किए।

कुलपति ने विद्यार्थियों को दुनिया में निम्न कार्बन उत्सर्जन और सतत विकास के महत्व के बारे में जागरूक करने के लिए आयोजित इस कार्यशाला के आयोजन के लिए आयोजक विभागों व सेंटर फॉर मीडिया स्टडी एवं आस्ट्रलिया उच्चायोग को भी बधाई दी। उन्होनें कहा कि निम्न कार्बन उत्सर्जन और सतत विकास में अहम भूमिका निभाने के लिए हमें बदलाव की आवश्यकता है, और यह कार्यशाला इस बदलाव में मददगार होगी। उन्होंने कहा कि हम सभी मिलकर एक साझा संकल्प लेते हैं कि हम समृद्धि की दिशा में अग्रसर होने के लिए सक्रिय रूप से योगदान करेंगे व एक हरित और स्वास्थ्यपूर्ण भविष्य की दिशा में आगे बढ़ेंगें। उन्होंने कहा की हमें सौर और पवन ऊर्जा जैसी नवीकरणीय ऊर्जा के उपयोग के महत्व समझना होगा वहीं हाइड्रोजन ईंधन जैसी नई ईंधन प्रौद्योगिकी के बारे में हमें जागरूक होना पड़ेगा जो कि भावी पीढ़ी के लिए सतत विकास के लक्ष्य में योगदान देता है। कार्यशाला में सेंटर फॉर मीडिया स्टडीज की निदेशक अन्नू आनंद अपने उद्बोधन में बताया कि इस प्रोजेक्ट का उदेश्य युवा पीढ़ी को कार्बन उत्सर्जन से पैदा होने वाले खतरों के बारे में अवगत करवाना है। इसी उदेश्य के साथ सेंटर फार मीडिया स्टडीज ने हकेवि के संयुक्त तत्वाधान में इस दो दिवसीय कार्यशाला को आयोजित करने का निर्णय लिया। उन्होंने बताया कि देश भर में इस अभियान की शुरूआत सेंटर फॉर मीडिया स्टडीज ने आस्ट्रेलिया उच्चायोग के सहयोग से की है। पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग एवं पर्यावरण अध्ययन विभाग के संयुक्त तत्वाधान में हो रही इस कार्यशाला में विद्यार्थियों को निम्न कार्बन उत्सर्जन के लिए समाज व देश को कैसे जागरूक किया जाए इस बारे में प्रशिक्षित किया जा रहा है।

कार्यशाला के संयोजक एवं पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के विभागध्यक्ष डॉ.अशोक कुमार ने कहा कि हकेवि में यह कार्यशाला आयोजित करने की जिम्मेवारी मिली है यह विभाग एवं विश्वविद्यालय के लिए गर्व की बात है। उन्होंने बताया कि सेंटर फॉर मीडिया स्टडीज एवं भारत में आस्ट्रेलिया उच्चायोग के सहयोग से हो रही इस कार्यशाला में मौसम विज्ञान, पर्यावरण अध्ययन व पत्रकारिता एवं जनसंचार से जुड़े विशेषज्ञ पर्यावरण जैसे विषयों पर लेखन एवं रिपोर्टिंग के लिए विद्यार्थियों को प्रशिक्षत करेंगे। उन्होंने कहा कि सेंटर फॉर मीडिया स्टडीज की निदेशिका अन्नू आनंद, ग्रीनटैक नोलेज सोल्युशन की निदेशक वरनिका प्रकाश, मौसम विज्ञान संचार विशेषज्ञ निशांत सक्सेना, प्रोजेक्ट कोर्डिनेटर कविता रखेजा, संयोजक समृद्धि एवं यश वशिष्ट विद्यार्थियों को प्रशिक्षित करेंगे। कार्यशाला में विद्यार्थियों को पर्यावरण जैसे संवेदनशील विषयों पर लेखन की बारीकियों को सीखाया जाएगा। पर्यावरण अध्ययन विभाग की अध्यक्षा मोना शर्मा ने सभी का आभार प्रकट करते हुए कहा कि यह कार्यशाला पत्रकारिता एवं प्र्यावरण अध्ययन विभाग के विद्यार्थियों के लिए महत्वपूर्ण होने वाली है। इस अवसर पर शैक्षणिक अधिष्ठाता प्रो.संजीव कुमार, प्रो. प्रमोद यादव, प्रो. वीरपाल यादव, डॉ. कामराज सिंधु, डॉ. कमलेश, डॉ. पंकज, डॉ. सुरेंद्र, डॉ. नीरज, आलेख नायक सहित विभन्न विभागों के शिक्षक एवं विद्यार्थी मौजूद थे। मंच का संचालन डॉ. भारती बत्रा ने किया।

# ऑल हरियाणा पावर कारपोरेशन वर्कर यूनियन के चुनाव संपन्न



**सिटी 24 न्यूज/सतीश खतरी**

**सिवानी मंडी।** स्थानीय बिजली निगम के प्रांगण में मंगलवार के आल हरियाणा पावर कारपोरेशन वर्कर यूनियन के 16वे त्रि वार्षिक चुनाव संपन्न हुए। इस चुनाव में सिवानी यूनिट का चुनाव किया गया जिसमें सर्वसम्मति से सोमबीर सिंह को प्रधान चुना गया ।जानकारी के अनुसार इस चुनाव प्रक्रिया में सोमवीर सिंह प्रधान ,राधेश्याम वरिष्ठ उप प्रधान रामनिवास को उप प्रधान, सचिव संतलाल जांगड़ा, कैशियर मनदीप सिंह , सह सचिव राजेश कुमार, संगठन सचिव,विजेंद्र कुमार व विजय कुमार चुने गए। चुनाव संपन्न होने के बाद सभी पदाधिकारी को पद व गोपनियता की शपथ दिलाई गई ।इसके बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए नवनियुक्त प्रधान सोमबीर सिंह ने बताया कि हरियाणा सर्व कर्मचारी संघ के आहवाहन पर 4 फरवरी को रोहतक में आयोजित होने वाली रैली में यूनियन के पदाधिकारी व सदस्य पर चढ़कर भाग लेंगे इसी प्रकार से 16 फरवरी को सर्व कर्मचारी संघ के आवाहन पर होने वाले हड़ताल में भी कर्मचारी शामिल होंगे।

# महिला पहलवान नैना ने खेलो इंडिया यूथ गेम्स में जीता गोल्ड




**सिटी 24 न्यूज**

**फरीदाबाद।** रेसलिंग सेंटर सेक्टर 12 की महिला पहलवान नैना ने तमिलनाडु में आयोजित खेलो इंडिया यूथ गेम्स में 49 किलोग्राम में गोल्ड मेडल जीत कर फरीदाबाद का नाम रोशन किया है। पहलवान नैना के परिवार एंव सेक्टर 12 रेसलिंग सेंटर में जश्न का माहौल है। जानकारी के लिए बता दें कि महिला पहलवान नैना ने दिसंबर माह में दिल्ली के त्यागराज स्टेडियम में आयोजित अंडर-19 स्कूल नेशनल कुश्ती प्रतियोगिता में 53 किलोग्राम में ब्रोंज मेडल जीता था।

खेल अधिकारी देवेंद्र गुलिया ने बताया कि नैना पहलवान जैसे बच्चे अन्य खिलाड़ियों के लिए प्रेरणास्रोत है। कोच अक्षय राठी के अनुसार नैना बहुत ही मेहनती खिलाड़ी हैं वह कभी भी प्रैक्टिस को मिस नहीं करती है, उसकी खेल में रूचि का अंदाजा आप इसी से लगा सकते हैं सर्दियों के मौसम में भी वह बल्लभगढ़ से फरीदाबाद सेक्टर 12 रेसलिंग सेंटर आकर दोनों टाइम प्रैक्टिस करती हैं।

नैना पहलवान सामान्य परिवार से आती हैं और उनके माता-पिता को नैना की इस उपलब्धि पर गौरतलब है कि नैना ने कई नेशनल लेवल पर गोल्ड एवं सिल्वर मेडल भी जीते हैं, उसका एक ही सपना है कि अंतरराष्ट्रीय खेलों में भारत की ओर से प्रतिनिधित्व करने का मौका भी मिले।

# अनिश्चित कालीन धरना प्रदर्शन 33 वे दिन भी जारी रहा




**सिटी 24 न्यूज/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** भारतीय किसान यूनियन मेवात के नेतृत्व मे रेलवे लाईन के लिए प्रयोग की जा रही जमीन के मुआवजे के लिए 29 दिसम्बर से सोहना तावडू रोड किरूरी मोड़ पर ग्राम पंचायत सहसोला मे चल रहे अनिश्चित कालीन धरना प्रदर्शन 33 वे दिन भी जारी रहा। चल रहे अनिश्चित कालीन धरना प्रदर्शन से किसान सरकार को आगाह करना चाहते है की आने वाली 3 फरवरी तक रेलवे लाईन में प्रयोग की जा रही जमीन का उचित मुआवजा नहीं दिया गया तो 4 फ़रवरी को एक बड़ी पंचायत करेंगे जिसमे भारतीय किसान यूनियन के बड़े बड़े किसान नेता धरना स्थल पर पहुंच कर चल रहे अनिश्चित कालीन धरना को समर्थन देंगे तथा वही एक बड़ा फैसला लेंगे। मुआवजा नहीं तो काम नही। प्रभावित गांव साहसोला पट्टी पाटुका, पिपाका, घुसबेठी, किरुरि, भूतलाका, मेंढला, धुलवाट।

# रेवाड़ी से गांव आ रहे स्कूटी को कार ने मारी टक्कर, मां की मौत, बेटा गंभीर घायल रेफर



**सिटी 24 न्यूज/अशोक कौशिक**

**नारनौल।** रेवाड़ी से अपने गांव दोस्तपुर आ रहे स्कूटी सवार मां बेटे को राष्ट्रीय राजमार्ग 148 बी पर एक ब्रेजा कार ने टक्कर मार दी। इस टक्कर से स्कूटी चला रहा बेटा गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि पीछे बैठी मां की मौत हो गई। हादसे के बाद परिजनों की ओर से पुलिस में दी गई शिकायत के आधार पर पुलिस ने ब्रेजा कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर मृतका का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया। पुलिस को दी गई शिकायत में गांव दोस्तपुर के रतनलाल ने बताया कि उसकी पत्नी शकुंतला तथा उसका लड़का रविंद्र स्कूटी पर सवार होकर रेवाड़ी से अपने गांव आ रहे थे । इस दौरान राष्ट्रीय राजमार्ग 148 बी पर उनकी स्कूटी को एक ब्रेजा गाड़ी चालक ने विपरीत दिशा से आकर टक्कर मार दी। इस हादसे में उनकी पत्नी व बेटा दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। जिनको आसपास के लोगों ने एंबुलेंस के द्वारा नागरिक अस्पताल नारनौल पहुंचाया। नागरिक अस्पताल पहुंचने पर हादसे में लगी गंभीर चोटों के कारण उनकी पत्नी शकुंतला की मौत हो गई। जबकि उसका लड़का रविंद्र गंभीर रूप से घायल हो गया। गंभीर रूप से घायल होने के कारण उसको हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। इसके बाद में उसको इलाज के लिए रोहतक ले गए। शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने आरोपी ब्रेजा चालक के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

# युवा साथी ग्रुप हरियाणा के सदस्यों ने मिलकर गौशाला में मनाया जन्मदिन



**सिटी 24 न्यूज/अशोक कौशिक**

**नारनौल।** एक तरफ जहां लोग अपने बच्चों का जन्मदिन में घरों व रेस्टोरेंटों में मनाकर पाश्चात्य संस्कृति का अनुसरण करने में पीछे नहीं है। वहीं दूसरी तरफ शिक्षा से जुड़े महेंद्र सिंह लुनीवाल प्राचार्य ने अपने बेटे साहिल के जन्मदिन पर गौशाला में गोमाता के संग मनाकर एक अनूठी मिसाल कायम की है। वह अपने परिवार के साथ बेटे का जन्मदिन मनाने शहर में स्थित अनाथ गौशाला पहुंचे और बड़े चाव से गायों व बछड़ों की सेवा की। उन्हें गुड़, हरा चारा खिलाकर बेटे का जन्मदिन मनाया। महेंद्र सिंह लुनीवाल सेका स्कूल प्राचार्य ने बताया कि पाश्चात्य संस्कृति को छोड़ अब लोगों को भारतीय परम्परा का निर्वहन करना चाहिए। इससे अन्य लोगों को भी प्रेरणा लेनी चाहिए। इस अवसर पर युवा साथी ग्रुप के सदस्य पूर्ण सैनी, राहुल लुनिवाल,शशि , ऊषा,मोनू,राजा प्रजापत, दीपेश जांगड़ा आदि परिजन उपर्स्थित थे।

# डाकखाना से पेंशन निकलवाने पर बुजुर्गो को किया जा रहा परेशान

**सिटी 24 न्यूज/अशोक कौशिक**

**नारनौल।** डाकखाना से पेंशन निकलवाने पर बुजुर्गों को परेशान किए जाने की शिकायतें आ रही हैं। बताया जा रहा है कि डाकखाने से जब बुजुर्ग अपनी पेंशन निकलवाते हैं तो अंगूठा लगाने वाले बुजुर्गों से एक गवाह मांगा जाता है, जो यह लिखता है कि बुजुर्ग ने मेरे सामने पेंशन के कितने रुपए लिए। इसके बाद ही बुजुर्ग को पेंशन दी जाती है। ऐसे में डाकखाना में अकेले जाने वाले बुजुर्ग गवाह की तलाश में कई देर तक डाकखाना में ही भटकते रहते हैं। वहीं अब गवाह देने वालों के आधार कार्ड भी डाकखाना के कर्मचारी मांगने लग गए हैं। ऐसे में बुजुर्गों को ज्यादा परेशानी होने लग गई है, क्योंकि गवाही देने वाला अपने साथ आधार कार्ड नहीं रखता तथा कोई व्यक्ति अन्य किसी की गवाही देने से भी कतराने लग जाता है।

# हकेवि में स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में आवेदन की अंतिम तिथि आज




**सिटी 24 न्यूज/अशोक कौशिक**

**नारनौल।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय महेंद्रगढ़ में शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में संयुक्त विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा (सीयूईटी) पीजी 2024 के माध्यम से दाखिले हो रहे हैं। सीयूईटी पीजी 2024 के तहत दाखिले के लिए बीती 26 दिसंबर, 2023 से जारी ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया की अंतिम तिथि बुधवार 31 जनवरी, 2024 है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि विश्वविद्यालय राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत विद्यार्थियों अध्ययन, शोध, नवाचार व कौशल विकास के लिए निरंतर प्रयासरत है। दाखिले के लिए इच्छुक विद्यार्थी व उनके अभिभावक विश्वविद्यालय में दाखिले के लिए आवेदन कर सकते हैं। विश्वविद्यालय में सीयूईटी-2024 के नोडल ऑफिसर डॉ. केशव सिंह रावत ने बताया कि विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) द्वारा राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) के माध्यम से स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में दाखिले हेतु विभिन्न विश्वविद्यालयों के लिए संयुक्त प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए आयोजित होने वाली प्रवेश परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया का अंतिम दिन 31 जनवरी, 2024 निर्धारित है। विश्वविद्यालय में सत्र 2024-25 के अंतर्गत स्नातकोत्तर स्तर पर विश्वविद्यालय के 8 स्कूलों के विभिन्न विभागों में 41 डिप्लोमा व डिग्री पाठ्यक्रम अध्ययन हेतु उपलब्ध हैं। इन पाठ्यक्रमों में दाखिले के इच्छुक विद्यार्थी 31 जनवरी, 2024 तक ऑनलाइन माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। आवेदन व इससे संबंधित विस्तृत जानकारी httpsÑ//pgcuet.samarth.ac.in व www.cuh.ac.in पर उपलब्ध है।

# मंडी अटेली में स्कूल बस और ट्राले की भिड़ंत

## दुर्घटना से मची चीख पुकार, एक दर्जन बच्चे और अध्यापक घायल, अस्पताल में भर्ती





**सिटी 24 न्यूज/अशोक कौशिक**
**नारनौल।** क्षेत्र में कोहरे का असर कम होने का नाम नहीं ले रहा है। अब इसकी वजह से मंगलवार सुबह डंपर व स्कूल बस के बीच टक्कर हो गई। गनीमत रही कि किसी प्रकार की कोई जनहानि नहीं हुई। रेवाड़ी के कुंड सथित राठ इंटरनेशनल स्कूल की बस नारनौल से बच्चों और स्टाफ को लेकर सुबह करीब आठ बजे स्कूल के लिए निकली थी। बताया जा रहा है कि दुर्घटना के समय कोहरा छाया हुआ था ।

राष्ट्रीय राजमार्ग 11 मंडी अटेली बाईपास पर रेवाड़ी के एक निजी स्कूल की बस और ट्राले की भिड़ंत हो गई। वह स्कूल बस नेशनल हाइवे पर विधा देवी स्कूल के सामने पहुंची तो एक ट्राले ने टक्कर मार दी। बताया जा रहा है कि स्कूल में करीब दो दर्जन छात्र बैठे हुए थे। दुर्घटना के बाद बच्चों की चीख पुकार शुरू हो गई। जिसके बाद आसपास के लोग बच्चों व अन्य को बाहर निकालने में जुट गए। करीब एक दर्जन बच्चों को चोटे लगी है। जिनको मंडी अटेली के एक निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। वही कई अध्यापकों के भी चोटे लगी हैं जिसमें से एक अध्यापक को गंभीर चोट लगी है। जिसको प्राथमिक उपचार के बाद रेफर कर दिया गया।



हादसे की सूचना मिलने के बाद मौके पर स्कूल संचालक भी पहुंच गए। दुर्घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस तथा जनता में हड़कंप मच गया धटना स्थल पर पुलिस पहुंची। लोग भी जुटना शुरू हो गए। इसके बाद घायलों को निजी व सामान्य अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार देकर उन्हें छुट्टी दे दी। पुलिस सूचना के बाद से कार्रवाई में जुटी हुई है।

इस हादसे में स्कूल बस में सवार करीब आधा दर्जन से अधिक बच्चों को चोटे पहुंची। हादसे की सूचना बस के चालक व परिचालक ने स्कूल संचालक व एंबुलेंस को दी। जिसके बाद एंबुलेंस द्वारा बच्चों को मंडी अटेली लेकर एक निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया। वहीं इस हादसे में बस सवार कई अध्यापक भी घायल हो गए। दुर्घटना की जानकारी मिलते ही लोग मंडी अटेली के सरकारी अस्पताल में इकट्ठा होना शुरू हो गए। फिर बाद में पता चला कि घायलों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

घायलों को प्राथमिक उपचार देकर छुट्टी दे दी गई। जबकि एक अध्यापक के गंभीर चोट लगी बताई जा रही है। जिसको प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया गया।

# राष्ट्रीय राजमार्ग पर कट छोडने की मांग को लेकर ठंड के बावूजद सेहलंग-बागोत में ग्रामीणों का धरना जारी

**सिटी 24 न्यूज/सुनील दीक्षित**
**कनीना।** राष्ट्रीय राजमार्ग 152डी पर सेहलंग-बाघोत के बीच वाहनों के प्रवेश मार्ग बनाने की मांग को लेकर ग्रामीणों शुरू किया गया अनिश्चितकालीन धरना मंगलवार को 324वें दिन भी जारी रहा। धरने की अध्यक्षता वेदप्रकाश ने की। उन्होंने कहा कि सालभर से जारी धरने पर बैठे ग्रामीणों को जोश ठंड के बावजूद कम होने का नाम नहीं ले रहा है।



धरना संघर्ष समिति के अध्यक्ष विजय सिंह ने बताया कि कंपा देने वाली सर्दी के बीच ग्रामीण कट बनाने की माग को लेकर धरना देने पर मजबूर हैं। सरकार धरना स्थल पर बैठे ग्रामीणों मांग पर काम शुरू नहीं कर रही है। उन्होंने कहा कि जब तक कट का निर्माण कार्य शुरू नहीं हो जाता तब तक उनका धरना जारी रहेगा। इस मौके पर रामकिशन, सूबेदार सुखबीर सिंह, हरिओम पोता, बेड़ा सिंह, धर्मपाल सिंह, विजयपाल, मुंशी राम, सूबेसिंह, बाबूलाल, रघुवीर, सीताराम, रमेश कुमार, मांगेराम, हेमराज, वीरेंद्र सिंह, रामकुमार, दाताराम, रामभगत, प्यारेलाल, वेदप्रकाश, शेर सिंह हाजिर थे।

## नशीला पदार्थ गांजा पत्ती बेचने के आरोप में एनडीपीएस एक्ट के तहत युवक नामजद

**सिटी 24 न्यूज/सुनील दीक्षित**
**कनीना।** पुलिस टीम ने छापेमारी कर दोंगडा जाट वासी जोगेंद्र सिंह से 300 ग्राम गांजा पत्ती बरामद करने में सफलता हासिल की है। इस बारे में कनीना सदर थाना प्रबंधक इंस्पेक्टर रामनाथ ने बताया कि सीआईए की टीम भालखी नहरी पुल पर थी तब उन्हें सूचना मिली कि एक नोजवान युवक दोंगडा बस स्टैंड के सामने काली थैली में गांजा पत्ती लिए किसी के इंतजार में बैठा है। पुलिस दस्ते ने सूचना के आधार पर छापेमारी कर युवक को काबू कर पूछताछ की तो युवक ने गांजा होने की बात को कबूल कर लिया। एनडीपीएस एक्ट के तहत नोटिस देकर ड्यूटी मैजिस्ट्रेट ईटीओ विक्रांत यादव के समक्ष तलासी ली गई। जिसमें काले रंग की थैली से 300 ग्राम गांजा पत्ती बरामद हुई। पुलिस ने नशीला पदार्थ गांजा बेचने के आरोपी जोगेंद्र सिंह वासी दोंगडा जाट के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी।

## प्रदेश के कृषि मंत्री जेपी दलाल ने खेलों को बढावा देने को छितरोली पंचायत को सौंपा दो लाख का चेक


**सिटी 24 न्यूज/सुनील दीक्षित**
**कनीना।** प्रदेश के कृषि मंत्री जेपी दलाल की ओर से कनीना खंड के गांव छितरोली में खेलों को बढावा देने के लिए 2 लाख रूपये का चेक सरपंच प्रतिनिधि बलवान सिंह को सौंपा है। बता दें कि कृषि मंत्री बीती 13 जनवरी को छिथरौली में महाराज धूनिगर की 75वीं वर्षोधी पर आयोजित मेले में बतौर मुख्यातिथि पंहुचे थे। इस दौरान राजीव गांधी खेल स्टेडियम छिथरौली में आयोजित खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। खेलों तथा खिलाडियों को प्रोत्साहित करने के लिए उन्होंने खेल कमेटी को दो लाख रूपये प्रदान करने, छितरोली से धनौंदा तथा छितरोली से बहाला लिंक मार्ग को पक्का करने सहित छह मागों को पूरा करवाने की घोषणा की थी। बलवन सिंह ने बताया कि गांव में पशु अस्पताल खोलने के लिए 31.11 लाख रूपये की राशि मंजूर की जा चुकी है। जिसका कार्य शीघ्र ही प्रारंभ किया जाएगा। ग्रामीणों ने मंत्री की ओर से जारी की गई विकास राशि पर खुशी जताई है। नरेंद्र कुमार शास्त्री व सूबेदार सुखबीर सिंह ने कहा कि ग्राम पंचायत तथा ग्रामीण गांव को विकास के क्षेत्र में पीछे नहीं रहने देगें।

# इंडिया एनर्जी वीक-2024 में 35,000 से अधिक लोगों के शामिल होने की उम्मीद

**सिटी 24 न्यूज/भावना कौशिश**
**नई दिल्ली।** पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस और आवासन और शहरी कार्य मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा,भारत आज ऊर्जा के मोर्चे पर कई क्षेत्रों में समाधानों की सकारात्मक वृद्धि के विश्वास की तस्वीर पेश कर रहा है। इंडियन एनर्जी वीक-आईईडब्ल्यू ऊर्जा के मोर्चे पर इन विकासों को प्रदर्शित करने और ऊर्जा सेक्टर में आगे के विकास और वृद्धि के लिए मंच प्रदान करने का एक सुनहरा अवसर पेश कर रहा है। 6 फरवरी से 9 फरवरी 2024 तक गोवा में आयोजित होने वाले भारत ऊर्जा सप्ताह के दूसरे संस्करण की महत्वपूर्ण विशेषताओं के बारे में मीडिया को जानकारी देते हुए, उन्होंने कहा कि भारत ऊर्जा सप्ताह 2024 में विभिन्न देशों के 17 ऊर्जा मंत्रियों, 35,000 से अधिक उपसथित लोगों और 900 से अधिक एग्जीबिटर्स के शामिल होने की उम्मीद है। उन्होंने कहा, मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि इस बार कनाडा, जर्मनी, नीदरलैंड, रूस, यूके और यूएसए जैसे देशों के लिए खास 6 पवेलियन्स होंगे।

हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि आईईडब्ल्यू 2024 के दौरान, 300 से अधिक एग्जीबिटर्स के साथ एक विशेष मेक इन इंडिया पवेलियन का लगाया जा रहा है, जिसमें भारतीय एमएसएमई ऊर्जा क्षेत्र में अग्रणी अभिनव समाधान प्रदर्शित करेंगे। उन्होंने कहा, घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय प्रतिभागियों की संख्या के साथ यह उन्हें घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय दोनों बाजारों में अपनी क्षमताओं का प्रदर्शन करने के लिए एक अद्वितीय मंच प्रदान करता है।

पहले संस्करण की तुलना में आयोजन के पैमाने में वृद्धि पर प्रकाश डालते हुए, हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि इस आईईडब्ल्यू 2024 के लिए एग्जीबिटर्स की संख्या 900 (30 प्रतिशत की वृद्धि) से अधिक होने की उम्मीद है। उन्होंने कहा,




प्रदर्शनी क्षेत्र में 25 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। जहां आईईडब्ल्यू 2024 में यह 18.5k वर्ग मीटर है, आईईडब्ल्यू 2023 में यह 15द्म वर्ग मीटर था, और इसके चलते प्रदर्शनी से राजस्व में 46 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। हरदीप सिंह पुरी ने कहा, आईईडब्ल्यू सिर्फ एक साल पुराना है और अंतर्राष्ट्रीय प्रायोजकों में इसके प्रति जो उत्साह है वो काफी संतोषजनक है ।

प्राइवेट स्पॉन्सरशिप में उल्लेखनीय वृद्धि को ध्यान में रखते हुए, हरदीप सिंह पुरी ने बताया कि निजी फर्मों से कुल राजस्व में 81% की वृद्धि हुई है और प्राइवेट स्पॉन्सर की संख्या में 44 प्रतिशत की वृद्धि हुई है (आईईडब्ल्यू24 में - 13 और आईईडब्ल्यू23 में 9) जिसके चलते अधिक आय हुई है। पिछले वर्ष की तुलना में प्राइवेट स्पॉन्सरशिप रेवेन्यू 3 गुना से अधिक हुआ है।

आईईडब्ल्यू के पहले संस्करण की अविश्वसनीय सफलता के आधार पर, श्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि आईईडब्ल्यू24 के रणनीतिक सत्रों की अवधि और संख्या 3 से 4 दिनों तक बढ़ गई है। उन्होंने कहा, आईईडब्ल्यू24 (पूर्वानुमानित) में 46 रणनीतिक सत्र और 46 तकनीकी सत्र सहित 44 प्रतिशत अधिक सत्रों की योजना बनाई गई है, जो आईईडब्ल्यू23 में तकनीकी सत्रों से दोगुने से भी अधिक है।

तकनीकी सत्रों के तहत, श्री पुरी ने बताया कि प्राप्त प्रस्तुतीकरण पत्रों की संख्या आईईडब्ल्यू 2023 के लिए 1000 से दोगुनी होकर आईईडब्ल्यू24 के लिए 2000 हो गई है।

हरदीप सिंह पुरी ने कहा, घरेलू प्राथमिकताओं के अनुरूप शिपिंग, लॉजिस्टिक और आपूर्ति श्रृंखला, विनिर्माण और औद्योगीकरण, फ्यूचर मोबिलिटी और खनन और खनिज सहित चार नई तकनीक श्रेणियां जोड़ी गई हैं।

हरदीप सिंह पुरी ने ऊर्जा क्षेत्र के स्टार्टअप के लिए पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय द्वारा आयोजित एनर्जी स्टार्टअप चैलेंज अविन्या के बारे में बात की। उन्होंने कहा कि एक स्तरीय चयन प्रक्रिया के बाद प्राप्त लगभग 120 आवेदनों में से 5 स्टार्टअप का चयन किया गया। स्टार्टअप चैलेंज के विजेताओं को अन्य बातों के अलावा उद्योग जगत के नेताओं द्वारा मेंटरशिप के अवसर और वैश्विक दर्शकों के सामने अपने अत्याधुनिक समाधानों को प्रदर्शित करते हुए इंडिया एनर्जी वीक24 में अपने स्टार्टअप विचारों को प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान किया जाएगा।

पेट्रोलियम मंत्री ने कहा कि हमारी जी20 प्राथमिकताओं को आगे बढ़ाते हुए, आईईडब्ल्यू के मौके पर विभिन्न प्रकार के साइड इवेंट की योजना बनाई जा रही है, जिसमें ग्लोबल साउथ कोऑपरेशन, कार्बन कैप्चर और यूटिलाइजेशन और तेल और गैस सीईओ के साथ पीएम की गोलमेज बैठक और भारत-अमेरिका निवेश गोलमेज जैसे महत्वपूर्ण विषय शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि इस आयोजन में ऊर्जा मूल्य श्रृंखला पर अधिक ध्यान केंद्रित किया गया है, जिसमें बायो फ्यूल पर 3 सत्र, हाइड्रोजन पर 3 सत्र और सीसीयूएस (छ्ष्ट्रस्) में 2 सत्र शामिल हैं।

कार्यक्रम में बोलते हुए, हरदीप सिंह पुरी ने विशेष रूप से आने वाले वर्षों में देश की अर्थव्यवस्था के विकास के संदर्भ में बायो फ्यूल, ग्रीन हाइड्रोजन के महत्व के बारे में भी बात की। उन्होंने कहा कि आज देश की जीडीपी 4 ट्रिलियन से अधिक है और वित्त वर्ष 2025 के अंत तक हमें 5 ट्रिलियन की अर्थव्यवस्था बन जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि बढ़ती अर्थव्यवस्था अधिक ऊर्जा की खपत करती है और उस ऊर्जा में टिकाऊ ऊर्जा की ओर भी बदलाव देखा जा रहा है।

# केंद्रीय बजट से क्षेत्र की जनता की बंधी अनेकों उम्मीदें

## रेवाड़ी-सादुलपुर रेल मार्ग के दोहरीकरण, सैंट्रल यूनिवर्सिटी जाटपाली से दिल्ली तक नैशनल हाईवे को मंजूरी जिले की संभावना

## जीएसटी में कमी तथा किसानों के हित में विशेष प्रावधान की उम्मीद


**सिटी 24 न्यूज/सुनील दीक्षित**
**कनीना।** हाल ही में पेश होने जा रहे केंद्रीय बजट को लेकर क्षेत्र के नागरिकों में बहुत से पहलुओं को लेकर उम्मीद बनी हुई है। देश की राजधानी नई दिल्ली से करीब 130 किलोमीटर दूर महेंद्रगढ जिले की जनता को आधौगिक क्षेत्र, रेलवे ट्रैक के दोहरीकरण, सैंट्रल यूनिवर्सिटी से दिल्ली तक नैशनल हाईवे की कनेक्टिविटी, व्यापारियों को जीएसटी टैक्स में कमी, इंकम टेक्स स्लैब में छूट, कृषि एवं कल्याण तथा युवाओं को नौकरी के क्षेत्र राहत मिलने की उम्मीद है। इस बारे में कनीना मंडी वासी राहुल मित्तल ने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा पेश किए जाने वाले बजट से उन्हें रेवाड़ी-सादुलपुर तक रेलवे ट्रैक के दोहरीकरण होने की उम्मीद है वहीं सैंट्रल यूनिवर्सिटी जाट पाली से नई दिल्ली तक राष्ट्रीय राजमार्ग से जोडने. की संभावना है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के नागरिकों को बड़ी संख्या में राजस्थान तथा देश की राजधानी जाना पड़ता है। रेवाडी से सादुलपुर तक एकल ब्राडगेज लाईल होने से पैंसजेर ट्रेनों में अधिक समय व्यतीत होता है। इसी प्रकार सैंट्रल यूनिवर्सिटी जाटपाली में देशभर के छात्र शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। उनके आवागमन को सुविधाजनक बनाने के लिए नई दिल्ली तक नैशनल हाईवे की जरूरत है। जिन्हें केंद्र सरकार के बजट से मंजूरी मिलने की उम्मीद है। शिक्षक कंवरसैन वशिष्ठ ने कहा कि व्यापारियों को जीएसटी टैक्स में छूट मिलनी चाहिए जिससे उन्हें आसानी हो सके। आमजन को इंकम टैक्स स्लैब में 10 लाख तक छूट मिले जिससे मध्यम श्रेणी के नागरिकों को राहत मिल सके।




रामबिलास पडतल ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा किसानों के हितों को ऊपर उठाने की दिशा में प्रयास करने चाहिए। युवाओं को रोजगार के अवसर पैदा करने चाहिएं। जिससे बढती बेरोजगारी पर अंकुश लगे सके। सरकार इस क्षेत्र में उधोगों को स्थापित करे जिससे क्षेत्र के लोगों को रोजगार मिल सकें। उन्होंने कहा कि क्षेत्र का विकास तथा जनता के हितों को ऊपर उठाने के लिए बजट में विशेष प्रावधान करने की जरूरत हैं।

## गौड सभा के पूर्व प्रधान हरिशचंद्र बोहरा के निधन पर मंत्री-विधायक ने जताया शोक

**सिटी 24 न्यूज/सुनील दीक्षित**
**कनीना।** श्रीगौड ब्राह्मण सभा नारनौल के पूर्व प्रधान एवं गौशाला संघ के प्रधान रहे हरिश्चंद्र बौहरा,86 वर्ष के निधन पर अटेली के विधायक सीताराम यादव, प्रदेश के सामाजिक एवं न्याय अधिकारिता मंत्री औमप्रकाश यादव ने शोक जताया है। उन्होंने कहा कि जन्म-मृत्यू तथा लाभ-हानि ईश्वर के आधीन है। उनके ज्येष्ठ पुत्र विक्रम शर्मा ने बताया कि स्व.बोहराजी श्रीगोपाल गौशाला के प्रधान तथा जीव जंतु कल्याण बोर्ड के मानद सदस्य भी रहे थे। अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा द्वारा उन्हें ब्रह्म अलंकरण सम्मान से विभूषित किया गया था। उन्होंने समाज के उत्थान तथा जीव कल्याण क्षेत्र में अहम भूमिका अदा की थी। समाज की भलाई के लिए किए गए कार्यो को लेकर उन्हें सदैव याद किया जायेगा। उनकी रस्म पगड़ी 7 फरवरी को नारनौल-रेवाड़ी मार्ग पर सीएल फार्म के समीप आवास पर आयोजित की जायेगी। इस मौके पर गौड सभा कनीना के प्रधान डॉ.रविंद्र कौशिक, इंद्र लाल पाथेड़ा,विजय शर्मा गुढा,मोहनलाल शर्मा, अरूण शर्मा, संदीप सिंह, मा.कंवर सैन वशिष्ठ, दलीप सिंह, सुनील कुमार नम्बरादर, राहुल मित्तल,अभिषेक भारद्वाज, सुरेश शर्मा,कमलेश शर्मा पाली हाजिर थे।



# डीआरआई ने 16.67 किलो सोना और 39.73 किलो चांदी की मिश्र धातु की जब्त

**सिटी 24 न्यूज/भावना कौशिश**
**नई दिल्ली।** देश में सोने की तस्करी के खिलाफ अपनी लड़ाई जारी रखते हुये राजस्व आसूचना निदेशालय (डीआरआई) के अधिकारियों ने एक खुफिया जानकारी पर आगे कार्रवाई करते हुये ''करंट गुइओर मशीन'' के रूप में घोषित ''विद्युत करंट/संभावित मीटर'' की सात खेप को पकड़ा है। यह सामान हांग कांग से नयी दिल्ली, विदेश डाकघर में पहुंचा।

जांच पड़ताल करने पर ये विद्युत मीटर कार्यरत पाये गये, इनमें वास्तविक सर्किट बोर्ड भी था। हालांकि, शुरूआती जांच में ये मीटर सामान्य से अधिक भारी लगे। इन 56 इलेक्ट्रिक मीटर के बाहरी कवर को काले रंग से रंगा गया था। काले रंग को खुरचने पर इसमें स्टील जैसी चमकीली धातु दिखी। बहरहाल, स्पेक्ट्रोमीटर से जब इसकी जांच की गई तो पता चला कि यह 30:70 अनुपात में सोने और चांदी की मिली जुली धातु से बना है।कुल मिलाकर सात खेप में 56 बिजली मीटर आयात किये गये। मीटर के काले आवरण में मिश्रित धातु के रूप में 16.67 किलो सोना और 39.73 किलो चांदी उपयोग की गई थी। जब्त किये गये इस सामान की कुल बाजार कीमत 10.66 करोड़ रूपये आंकी गई।








शुरूआती जांच पड़ताल में लगता है कि पूरी तरह से संगठित गिरोह सोने की तस्करी में शामिल है। उन्होंने सोने के रंग को पीले से सफेद करने के लिये सोना -चांदी मिलाकर उसकी मिलीजुली धातु तैयार की। इस प्रकार की सफेद मिश्रधातु का इस्तेमाल बिजली मीटर का कवर बनाने में किया गया और किसी भी तरह के संदेह से बचने के लिये उस पर काला रंग चढ़ा दिया गया।

सिटी 24 न्यूज
सिटी 24 न्यूज की संपादक रवीना यादव द्वारा सी-118, विपुल प्लाजा, सेक्टर-78 फरीदाबाद, हरियाणा से सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एवं न्यूज पोर्टल के लिए ई-पेपर को प्रसारित किया है। ई-पेपर में शामिल लेखों, विचारों एंव समाचारों से संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है अपितु लेखक ही जिम्मेदार होगा। समाचारों से संबंधित सभी विवादों का निपटारा केवल फरीदाबाद न्यायालय में ही मान्य होगा। संपर्कः 9818180269, ईमेल : city24newsroom@gmail.com

# हार मेरी कुंडली में नहीं, प्रदेश की दसों सीटें जीतेंगे : बिप्लब देब

**फरीदाबाद में लोकसभा कार्यालय का शुभारंभ करने पहुंचे प्रदेश प्रभारी एवं चुनाव प्रभारी बिप्लब देब**

**बिप्लब बोले- मोदी जी के नाम में जीत का अहसास**



**सिटी 24 न्यूज**

**फरीदाबाद।** चुनाव प्रभारी नियुक्त होने के बाद पहली बार फरीदाबाद पहुंचे भाजपा प्रदेश प्रभारी एवं चुनाव प्रभारी बिप्लब कुमार देब ने कहा कि हार मेरी कुण्डली में नहीं है, हम दस की दस लोकसभा सीटें जीतेंगे। वे फरीदाबाद लोकसभा चुनाव कार्यालय का उद्घाटन करने पहुंचे थे। कार्यालय शुभारंभ अवसर पर बिप्लब देब ने दहाड़ लगाई कि देश और प्रदेश में तीसरी बार भाजपा की सरकार बनाने से कोई भी ताकत नहीं रोक सकती, क्योंकि हरियाणा की जनता भाजपा के साथ है। मोदी-मनोहर की जनकल्याणकारी योजनाओं से जनता खुश है। उन्होंने इस मौके पर जमकर मुख्यमंत्री मनोहर और प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी की तारीफ की । श्री देब ने मुख्यमंत्री को ईमानदार और प्रदेश अध्यक्ष को विनयी स्वभाव का बताया। भाजपा प्रभारी ने कांग्रेस पर जमकर वार भी किए।

श्री देब ने कहा कि हरियाणा की जनता हमारे साथ है और जनता जनार्दन के आशीर्वाद और कार्यकर्ताओं के दम पर दसों लोकसभा सीटें भाजपा जीत रही है और नरेंद्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बन रहे हैं। उन्होंने कहा कि मेरी कुंडली में हार नहीं है, इसलिए हरियाणा में भी सभी 10 की दस लोकसभा सीट जीतेंगे। प्रदेश प्रभारी ने कांग्रेस को भी आड़े हाथों लेते हुए कहा कि कांग्रेस में प्रधानमंत्री बनने के लिए गांधी परिवार में जन्म लेना होगा। इससे पहले फरीदाबाद में प्रदेश प्रभारी व कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल और प्रदेश अध्यक्ष नायब सिंह सैनी के संबोधन को एलईडी पर लाइव सुना।

बिप्लब कुमार देब ने कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए कहा कि जीत कोई दिला नहीं सकता, बल्कि जीत आपके स्वभाव में होनी चाहिए। मोदी जी के स्वभाव में ही जीत है। हमारा नसीब अच्छा है कि हमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में काम करने का सौभाग्य मिला है। प्रधानमंत्री मोदी का अहसास कभी हमें हारने नहीं देगा। उन्होंने कहा कि जहां चैलेंज नहीं होता वहां काम करने में मजा भी नहीं आता। हमारे सामने भी विपक्ष होना चाहिए। मोदी जी के करिश्माई नेतृत्व में दक्षिणी भारत में भी इस बार भाजपा जीत का परचम लहराएगी।

भाजपा प्रदेश प्रभारी ने कहा कि मोदी सर्वमान्य है। आज हर व्यक्ति मोदी का नाम लेकर जुड़ना चाहता है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश आर्थिक और सामरिक ताकत के रूप में उभरा है। मोदी जी के नेतृत्व में भारत का मान और सम्मान पूरी दुनिया में बढ़ा है। उन्होंने आह्वान किया कि भाजपा का कार्यकर्ता मोदी से प्रेरणा लेते हुए बिना पद की लालसा के काम करते रहें। भाजपा में ही यह कल्चर है कि कार्यकर्ता ही प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री बन सकते हैं।

यहां कांग्रेस पर निशाना साधते हुए श्री देब ने कहा कि कांग्रेस और क्षेत्रीय पार्टियों के कार्यकर्ताओं को यह सौभाग्य प्राप्त नहीं हो सकता कि वे मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री बन सकें। प्रधानमंत्री बनने के लिए कांग्रेस के कार्यकर्ताओं को गांधी परिवार में जन्म लेना होगा। क्षेत्रीय पार्टियों का भी यही हाल है कि उनके गोत्र व परिवार के लोग ही शीर्ष पदों तक पहुंच सकते हैं।

कांग्रेस के संस्कार पर बोलते हुए प्रदेश प्रभारी ने कहा कि कांग्रेस के संस्कार ऐसे हैं कि राष्ट्रीय अध्यक्ष खड़गे के आगे से माइक हटा दिया जाता है और कोई उनको बोलने नहीं देता। कांग्रेस में सिर्फ राजा या महाराजा ही बोल सकते हैं। बिप्लब देब ने कहा कि नई पीढ़ी को जानकारी होनी चाहिए कि कांग्रेस के 65 साल के शासनकाल में इमरजेंसी लगी और लोगों को जेलों में डाला गया। कांग्रेस शासन के दौरान कोई उनके खिलाफ बोलता था तो उन्हें भी जेलों में डाल दिया जाता था। श्री देब ने कहा कि मोदी सरकार में लोग प्रधानमंत्री और गृहमंत्री तक को गालियां तक देते हैं, खिलाफ बोलते हैं, लेकिन कोई कुछ नहीं कहता यही सच्चा लोकतंत्र है। उन्होंने कहा कि मोदी राज में लोकतंत्र मजबूत हुआ है। कांग्रेस जैसे विपक्षी दलों के पास कोई मुद्दा नहीं, इसलिए हर बात पर हल्ला मचाना और लोकतंत्र को खतरे में बताना कांग्रेसियों की आदत बन गई है।

केन्द्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने फरीदाबाद के वरिष्ठ नेताओं के साथ फूलमाला से प्रदेश प्रभारी का स्वगर अभिनन्दन किया । दोनों जिलों के अध्यक्षों ने प्रदेश प्रभारी का सम्मान किया । राजकुमार वोहरा ने प्रभारी जी को गदा भेट की और चरण सिंह तेवेतिया ने शाल ओढाकर स्वागत अभिनन्दन किया। हरियाणा लोकसभा के सफल चुनावी अभियान की शुभकामनाएं

केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने भी कार्यकर्ताओं को संबोधित किया और मोदी सरकार के सर्वस्पर्शी विकास कार्यों और योजनाओं की जानकारी दी और कहा की देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा अभूतपूर्व प्रदर्शन करेगी और हरियाणा की सभी 10 की लोकसभा सीट पर जीत का परचम लहराएगी । मुख्यमंत्री मनोहर लाल जी के नेतृत्व में हरियाणा की सभी 10 लोकसभा सीटें जीतकर नरेन्द्र मोदी सरकार में अपना योगदान देंगे। उन्होंने कहा ऊर्जावान प्रदेश प्रभारी बिप्लब देव की प्रसंशा करते हुए कहा कि बिप्लब देव जी में सभी को साथ लेकर चलने और कार्यकर्ताओं में जोश भरकर कार्य करवाने की अद्भुत कला है । प्रभारी जी के मार्गदर्शन में फरीदाबाद की लोकसभा सीट को पहले से ज्यादा वोटों से जीताकर जीत का परचम फहराएंगे और आगामी विधानसभा चुनावों में फरीदाबाद लोकसभा की सभी 9 की 9 सीट पर जीतकर मनोहर लाल की सरकार तीसरी बार बनाने में अपना योगदान देंगे ।

फरीदाबाद के जिला अध्यक्ष राजकुमार वोहरा ने स्वागत भाषण दिया और कहा कि प्रभारी जी फरीदाबाद का एक एक कार्यकर्त्ता अपने पूरे पुरुषार्थ से कार्य करेगा और लोकसभा की फरीदाबाद सीट को पहले से ज्यादा वोटों से जीत दिलकार अपनी सहभागिता देना । आगामी विधानसभा चुनावों में भी फरीदाबाद सभी सीटों पर जीत दर्ज कर तीसरी बार हरियाणा में ताऊ मनोहर लाल के नेतृत्व में भाजपा की सरकार बनाएगा ।

इस अवसर पर केन्द्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर, लोकसभा के प्रभारी जी एल शर्मा, फरीदाबाद के जिला अध्यक्ष राजकुमार वोहरा, पलवल जिलाध्यक्ष चरण सिंह तेवेतिया, प्रदेश उपाध्यक्ष विपुल गोयल, विधायक सीमा त्रिखा, राजेश नागर, जगदीश नायर, प्रवीण डागर, जिला प्रभारी मनीष यादव, संदीप जोशी, नीरा तोमर, पूर्व विधयक टेक चन्द शर्मा, केहर सिंह रावत, सोहनपाल सिंह, निवर्तमान मेयर सुमन बाला, जिला महामंत्री मूलचन्द मित्तल, आर एन सिंह, राजेन्द्र बैसला, वीरपाल दीक्षित, जिला परिषद चेयरमेन विजय लोहिया, मुख्यमंत्री के मीडिया सलाहकार राजीव जेटली, महिला कमीशन की चेयरपर्सन रेनू भाटिया, निवर्तमान उपमहापौर देवेन्द्र चौधरी आदि मुख्य तौर पर उपसथित रहे ।

# नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने में अग्रणी भूमिका निभाएगा हरियाणा: नायब सैनी

## कुरूक्षेत्र में चुनाव कार्यालय के शुभारंभ पर बोले नायब सैनी : कार्यकर्ताओं का संकल्प दिलाएगा प्रचंड जीत



**सिटी 24 न्यूज**

**चंडीगढ़।** कुरूक्षेत्र में लोकसभा कार्यालय का शुभारंभ करते हुए प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी ने कहा है कि हरियाणा प्रदेश तीसरी बार भी नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाने में अग्रणी भूमिका निभाएगा। प्रदेश की जनता मोदी जी को फिर से प्रधानमंत्री की शपथ लेते देखने के लिए उत्साहित है। मंगलवार को कुरूक्षेत्र कार्यालय के शुभकामनाएं अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी के संबोधन से पहले उपसथित लोगों ने बड़ी स्क्रीन पर मुख्यमंत्री मनोहर लाल और प्रदेश प्रभारी बिप्लब देब के संबोधन को भी सुना। मुख्यमंत्री अंबाला से और प्रदेश प्रभारी फरीदाबाद से संबोधित कर रहे थे, जिन्हें कुरुक्षेत्र में भी सुना।

मोदी-मनोहर सरकार की उपलब्धियों के बारे में बोलते हुए नायब सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री मनोहर लाल सरकार द्वारा कराए गए विकास कार्यों से जनता उत्साहित है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लगभग इन 10 सालों में जो भी योजनाएं चलाई उसका सवाया करके जनता के बीच भेजने का काम मनोहर सरकार ने किया है। श्री सैनी ने कहा कि मनोहर सरकार की गुड गर्वनेंस की चर्चा पूरे देश में होती है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश तेजी से तरक्की कर रहा है। मोदी सरकार की योजनाओं का परिणाम है कि आज महिलाओं को दूर-दूर से सिर पर मटका रखकर पानी नहीं लाना पड़ रहा, बल्कि हर घर में नल से स्वच्छ जल आ रहा है। उन्होंने कहा कि किसानों की बात करें तो किसान मोदी-मनोहर सरकार की नीतियों से खुशहाल हैं। किसानों को पता है कि भाजपा की डबल इंजन की सरकार किसान हितैषी है और हर किसानों के खातों में सीधे 6 हजार हर साल आ रहे हैं।

नायब सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत खराब फसल होने पर 11 हजार करोड़ रुपये किसानों के खातों में ट्रांसफर हुए हैं। हरियाणा में मनोहर सरकार ने बिना पर्ची और खर्ची के युवाओं को रोजगार दिया है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि मोदी-मनोहर सरकार द्वारा कराए गए विकास कार्यों और जनता के आशीर्वाद तथा कार्यकर्ताओं के दम पर तीसरी बार केंद्र में मोदी और हरियाणा में मनोहर सरकार बनना तय है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री मनोहर लाल की सरकार ने गरीब हितैषी योजनाएं चलाकर गरीबों के जीवन को सरल किया है। केंद्र व हरियाणा सरकार बिना किसी भेदभाव के अंत्योदय के लिए कार्य कर रही है। अब किसी भी व्यक्ति को सरकार की योजना का लाभ लेने के लिए दफ्तरों के चक्कर नहीं काटने पड़ते।


श्री सैनी ने कार्यकर्ताओं से भी कहा कि वे ज्यादा से ज्यादा लोगों को योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए और अधिक मेहनत से कार्य करें। श्री सैनी ने कहा कि पार्टी कार्यकर्ता ही पार्टी की असली ताकत है और कार्यकर्ताओं के दम तथा सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से प्रदेश में भाजपा की तीसरी बार भी डबल इंजन सरकार बनेगी।

इस मौके पर प्रदेश सचिव राहुल राणा, कुरुक्षेत्र जिला अध्यक्ष रवि बतान, कैथल जिलाध्यक्ष अशोक गुर्जर, चेयरमैन धर्मवीर मिर्जापुर, चेयरमैन कैलाश भगत, वाइस-चेयरमैन धुम्मन सिंह किरमिच, पूर्व मंत्री कृष्ण कुमार बेदी, मुख्यमंत्री के सलाहकार भारतभूषण भारती, पूर्व विधायक कुलवंत बाजीगर, प्रदेश कार्यकारणी सदस्य साहिल सुधा, जिला परिषद अध्यक्ष कंवलजीत कौर, जिला महामंत्री जसविन्द्र सैनी, सर्बजीत विर्क, प्रदेश सचिव अनुसूचित मोर्चा रामपाल पाली, जिला उपाध्यक्ष महेश परचा, ग्रीवेंस कमेटी मेम्बर विनीत क्वात्रा, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रविंदर सांगवान, जिला मीडिया प्रमुख शैलेश वत्स, दिवाकर, सतबीर मंगोली, नवाब सिंह संधू, एडवोकेट विनीत बजाज, मण्डल अध्यक्ष हरीश अरोड़ा, विजय कम्बोज, सोशल मीडिया प्रमुख राहुल शर्मा, गुलशन सैनी, अनुमाल्यान, विजयलक्ष्मी आदि उपसथित रहे।

# 37वें अंतरराष्ट्रीय सूरजकुंड क्राफ्ट्स मेले का उद्घाटन के लिए हुई समीक्षा बैठक

**डीसी विक्रम सिंह ने सुरक्षा और व्यवस्थाओं के लिए दिए पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों दिए दिशा-निर्देश**

**02 फरवरी को महामहिम राष्ट्रपति करेंगी उद्घाटन व 03 फरवरी को उपराष्ट्रपति करेंगे मेले में शिरकत**



**सिटी 24 न्यूज**

**फरीदाबाद।** डीसी विक्रम सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को सूरजकुंड के राजहसं होटल में 37वे अंतरराष्ट्रीय सूरजकुंड क्राफ्ट्स मेले का उद्घाटन के लिए अधिकारियो के संग समीक्षा बैठक आयोजित की गई। डीसी विक्रम सिंह ने सुरक्षा और व्यवस्थाओं के लिए पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों दिए दिशा-निर्देश दिए। डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि 2 फरवरी को मेले का आधिकारिक उद्घाटन महामहिम राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू द्वारा किया जाएगा वहीं 3 तारीख को उपराष्ट्रपति श्री जगदीप धनखड मेले में शिरकत करेंगे। डीसी विक्रम सिंह सूरजकुंड परिसर स्थित होटल राजहंस में 2 फरवरी से शुरू होने वाले 37वें अंतरराष्ट्रीय क्राफ्ट मेले की तैयारियों को लेकर प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक को दिशा-निर्देश दे रहे रहे थे। डीसी विक्रम सिंह ने बैठक में विभाग वार अधिकारियो को जिम्मेदारी के दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि इस बार का 37वां अंतर्राष्ट्रीय सूरजकुंड क्राफ्ट्स मेला पिछले वर्षों के मुकाबले इस वर्ष और भी ज्यादा भव्य रूप से आयोजित किया जाएगा। ऐसे में मेले की तैयारियों को लेकर प्रशासन व पुलिस के अधिकारियों द्वारा सुरक्षा और व्यवस्थाओं के लिए सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार सभी तैयारियां और अधिक बेहतरीन ढंग से की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि इस बार मेले में 40 देश शामिल होंगे तथा कई देशों के राजदूत भी विभिन्न अवसरों पर मेले में शिरकत करेंगे। सूरजकुंड शिल्प मेला सुबह 10 बजे शुरू हो कर रात 8 बजे तक रहेगा। वहीं बड़ी चौपाल व छोटी चौपालों पर लगातार अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। यहां देश व विदेश के कलाकारों के अलावा स्कूली बच्चे भी अपनी प्रस्तुती देंगी। बच्चों के लिए प्रतिदिन विभिन्न प्रतियोगिताएं भी करवाई जाएंगी। उन्होंने निर्देश दिए कि मेले में सफाई, सडकों की व्यवस्था, लाईटिंग, बिजली की व्यवस्था, शौचालयों, हेलीपैड की साफ सफाई सहित सभी सुविधाएं बेहतरीन हों। इसके लिए सभी विभागों को भी निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने सभी विभागों के अधिकारियों से कहा कि सभी विभाग अपनी-अपनी जिम्मेदारियों तैयारियां समय से पूरी कर लें। मेले में पार्किंग सहित अन्य सभी विषयों पर भी संबंधित विभागों के अधिकारियो को निर्देश दिए गए। समीक्षा बैंठक में डीसीपी राजेश दुग्गल, एडीसी आनंद शर्मा, डीसीपी ट्रैफिक अमित यशवर्धन, एसडीएम बड्खल अमित मान, एमसीएफ की ज्वाइंट कमीशनर शिखा अनतिल, एसीपी महेश श्योरान, एसीपी राजेश लोहान, एसीपी विष्णु प्रसाद,एसीपी ट्रैफिक विनोद कुमार, जीएम टूरिज्म यूएस भारद्वाज, जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती आशा दहिया, डीआईपीआरओ राकेश गौतम सहित सभी विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

# डीसीपी एनआईटी, सेंट्रल व बल्लभगढ़ ने सूरजकुंड मेले में सुरक्षा व्यवस्था का किया निरीक्षण

**हेलीपैड के आस पास एरिया में कोंबिंग कर ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों को दिए अहम दिशा निर्देश**

**मेले में खुफिया नजर (सीसीटीवी) कैमरे संदिग्ध गतिविधियों पर रखेगे पैनी नजर**



**सिटी 24 न्यूज**

**फरीदाबाद।** पुलिस आयुक्त राकेश कुमार आर्य के दिशा निर्देश के तहत डीसीपी एनआईटी अमित यशवर्धन, डीसीपी सेंट्रल पूजा वशिष्ठ तथा डीसीपी बल्लबगढ़ राजेश दुग्गल ने मंगलवार को 02 फरवरी को सूरजकुंड (फरीदाबाद) में शुरू होने वाले 37वे अन्तर्राष्ट्रीय हस्तशिल्प मेला का दौरा कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेकर तैनात पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए है। इस अवसर पर उनके साथ एसीपी मुजेसर, एनआईटी, तिगांव सहित भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा। पुलिस प्रवक्ता सुबे सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि फरीदाबाद के तीनों जॉन के डीसीपी ने सुरक्षा के मद्देनजर मेले का दौरा किया है जिसमें उन्होंने हेलीपैड के आसपास के एरिया की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए वहां पर सर्च ऑपरेशन चलाया जिसमें हेलीपैड के आसपास किसी प्रकार की संदिग्ध वस्तु या रास्तों की अच्छी तरह से जांच की गई। सूरजकुंड मेले की बाउंड्री, वीआईपी पंडाल, वीआईपी गेट के अलावा अन्य सभी गेट व सभी जोन व पार्किंग स्थल को चैक किया गया। उन्होंने मेले में मौजूद सभी पुलिस अधिकारियों को सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ बनाने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए है। मेले की सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए पुलिसकर्मियों की शिफ्ट वाईज डयूटी लगाई गई है ताकि डयूटी दुरस्त तरीके से की जा सके। सभी गेटो पर मेटल डिटेक्टर व डीएफएमडी होंगे, मेले की सुरक्षा व्यवस्था को सुनिश्चित करने व अपराधिक गतिविधियों पर नजर रखने के लिए ड्रोन कैमरे से भी निगरानी की जाएगी। सुरक्षा के मद्देनजर अपराधिक तत्वों व मंचलो पर नजर रखने के लिए महिला रेपीडेक्स पुलिस, स्वेट कमांडो व सिविल कपडो में पुलिस कर्मी तैनात किए गए है। इसके अलावा दूरबीन से भी मंचलो पर नजर रखी जाएगी। पुलिस कर्मी मेले के चारो और उंची-उंची पहाडियों पर भी असले के साथ तैनात होंगें। मेला परिसर के सभी गेट, सभी जोन, फूड कोर्ट, वीआईपी पंडाल, और सभी पार्किग स्थल एवं अन्य जगह पर कैमरे लगाए गए है जिनको सूरजकुंड सथित कंट्रोल रूम से जोडा गया है सीसीटीवी निगरानी के लिए पुलिसकर्मी लगाए गए हैं।

# कांग्रेस सरकार बनने पर होगा कालोनियों का समुचित विकास : ललित नागर

**सिटी 24 न्यूज**

**फरीदाबाद।** आगामी चार फरवरी को सेक्टर-30-31 (ऐतमादपुर) के दशहरा मैदान में आयोजित होने वाली कांग्रेस की जन आक्रोश रैली को सफल बनाने के लिए पूर्व विधायक व उनके समर्थकों ने एड़ी चोटी का जोर लगा दिया है। पहले जहां उन्होंने क्षेत्र के सभी गांवों में लोगों को रैली का निमंत्रण दिया था अब वहीं कालोनियों में भी लोगों से रूबरू होकर उन्हें आमंत्रित करना शुरू कर दिया है।

इसी कड़ी में पूर्व विधायक ललित नागर ने हरकेश नगर, चौहान कालोनी, कृष्णा कालोनी, भट्टा कालोनी, सरस्वती कालोनी, श्याम कालोनी, चेतन मार्केट, ओम एंक्लेव, दीपावली कालोनी, दरगाह वाली मस्जिद, पंचशील कालोनी, बसंतपुर कालोनी, निखिल विहार, रोशन नगर, गणपति कालोनी, विनय नगर आदि कालोनियों में जनसंपर्क करके लोगों को रैली का निमंत्रण दिया। इस मौके पर लोगों को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक ललित नागर ने कहा कि भाजपा सरकार के कार्यकाल में तिगांव क्षेत्र विकास से अछूता रहा है, भाजपा सरकार दावा करती है कि शहर को स्मार्ट बनाया जा रहा है, लेकिन तिगांव क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली कालोनियों में इतनी समस्याएं व्याप्त है कि जब तक कालोनियां स्वच्छ नहीं होगी, तब तक शहर स्मार्ट नहीं बनेगा। उन्होंने कहा कि लम्बे समय से तिगांव क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली कालोनियों में लोग



मूलभूत सुविधाओं के साथ-साथ टूटी सडकें, पीने के पानी, अनाप-शनाप बिजली बिलों से परेशान है, इस ओर भाजपा सरकार ने कोई ध्यान नहीं दिया। उन्होंने कहा कि जब वह विधायक थे, जब उन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान कालोनियों में विकास की मांग को पुरजोर तरीके से उठाया था, जिसकी बदौलत थोड़े बहुत विकास कार्य सम्पन्न हो पाए। उन्होंने भाजपाईयों पर तंज कसते हुए कहा कि वह हर घर नल की बात करते है, लेकिन जब जल ही नहीं होगा तो नल का क्या करेंगे, भाजपा के यह दावे मात्र दावे ही बनकर रह गए है। उन्होंने कहा कि रैली के दौरान पूर्व मुख्यमंत्री चौ. भूपेंद्र सिंह हुड्डा व अन्य कांग्रेसी नेताओं को कालोनियों में व्याप्त समस्याओं के संदर्भ में एक मांगपत्र भी सौंपा जाएगा ताकि आने वाले समय में कांग्रेस की सरकार आने पर इन समस्याओं का समाधान किया जा सके। श्री नागर ने दावा करते हुए कहा कि कांग्रेस की सरकार बनने पर तिगांव क्षेत्र की सभी कालोनियों में व्याप्त सभी समस्याओं का जड़मूल से समाधान किया जाएगा और लोगों को बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएगी। इस अवसर पर अर्जुन भारती, रणजीत सिंह भाटी, राजकुमार शर्मा, प्रकाश चंद, राजपाल नागर, मुकेश कुमार, पिंटू पाण्डे, अशोक रावत, हंसराज रावत, एसपी चौधरी, जयवीर अवाना, नवाब खान, अनीस प्रधान, सूरज बिल्डर्स, रामबरन मौर्या, अखिलेश शर्मा, रिजवान आजमी सहित अनेकों गणमान्य लोग मौजूद थे।